सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 267 12



‘पाइन कोन’ में दिखेंगी सुरभि तिवारी

12 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:11 बजे
13 अप्रैल का सेहरी भोर 4:13 बजे




# सचिवालय घेरने जा रहे भाजपाइयों पर लाठी चार्ज

- वाटर कैनन व आंसू गैस के गोले बेअसर, लाठी चार्ज में सांसद और पार्टी कार्यकर्ता समेत दर्जन भर घायल, कई पुलिसकर्मी भी चोटिल
- पारस हॉस्पिटल में संजय सेठ, सुनील सिंह समेत कई इलाजरत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपाइयों के सचिवालय घेराव के दरम्यान मंगलवार को पुलिस ने जबरदस्त बल प्रयोग किया। घेराव करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन व आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन, जब भाजपा कार्यकर्ता धुर्वा गोल चक्कर के निकट बैरिकेटिंग तोड़ कर आगे बढ़ने लगी तब पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। पुलिस ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों की ओर से पत्थर भी फेंके गये, जिसमें कई जवान जख्मी हो गये हैं।

झारखंड सरकार की विफलता और इसे उखाड़ फेंकने के लिए आयोजित सचिवालय घेराव का नेतृत्व प्रदेश पार्टी प्रभारी डॉ लक्ष्मीचंद वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा



देवी व समीर उरांव कर रहे थे।

जुलूस की शक्ल में हजारों कार्यकर्ता और समर्थक धुर्वा स्थित विश्वनाथ शहदेव चौक तक पहुंच कर हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ नारों के साथ प्रदर्शन किया। बाद में दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की हिटलरशाही घायलों को अस्पताल ले जाने में भी दिखी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिये सरकारी स्तर पर कोई व्यवस्थ नहीं थी। प्राइवेट एंबुलेंस के लिए बैरिकेटिंग बने बाधक, घायलों को हुई परेशानी।

**भगदड़ में भी कई घायल :** पुलिस के लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मचने से काफी कार्यकर्ताओं को चोटें आयी है। इनमें से सांसद संजय सेठ, सुनील कुमार सिंह, महिला नेत्री नीलम चौधरी, अशोक बड़ाई समेत दर्जन भर कार्यकर्ताओं का ईलाज पारस हॉस्पिटल में चल रहा है। इसके पहले प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आंदोलन को धरातल पर उतारने में कार्यकर्ताओं का सक्रिय मार्गदर्शन किया।

**ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण :** कार्यक्रम की शुरुआत सिदो-कान्हू और ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। विधायक नारायण दास, केदार हजारा, रणधीर सिंह, अमर बाउरी, नीरा यादव, अनंत ओझा, अमित मंडल, अपर्णा सेन गुप्ता, जेपी पटेल, सांसद सुनील सोरेन, बीडी राम, निशिकांत दुबे, विद्युत वरन महतो, समीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने किया।

### आज काला दिवस मनायेगी भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के खिलाफ 12 अप्रैल को मंडल स्तर पर काला दिवस मनाने मनाया जायेगा। सीएम का पुतला दहन का किया जायेगा। उन्होंने सचिवालय घेराव के दौरान भ्पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, आंसू गोले व वाटर कैनन की भर्त्सना किया। उन्होंने कहा कि तानाशाही, भ्रष्टाचार युक्त, विकास मुक्त, बिचौलियों की सरकार, खनिज संपदा की लूट, तुष्टिकरण की सरकार के खिलाफ यह संघर्ष याद किया जायेगा। राज्य सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। 2024 चुनाव में इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी।





**सांसद सुनील सिंह समेत कई पर प्राथमिकी :** सचिवालय का घराव करने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प के बाद देर रात धुर्वा थाना मजिस्ट्रेट ने भाजपा सांसद सुनील सिंह, समीर उरांव, विधायक विरंची नारायण समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। उनपर धारा 144 का उल्लंघन, पुलिस पर हमला, सरकारी काम में बाधा डालने, बैरिकेडिंग तोड़ने, पत्थर फेंक कर एसडीओ दीपक कुमार दुबे, रैफ के दो अधिकारियों समेत 15 पुलिसकर्मियों को जख्मी करने का मामले दर्ज किया गया है। डीसी राहुल सिन्हा ने कहा कि धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा के बावजूद जुलूस निकाला गया। बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी भी घायल हो गये।

## न्यूज डायरी

### हेमलाल मुर्मू सीएम के समक्ष झामुमो में शामिल



**रांची/साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष मंगलवार को नौ साल बाद भाजपा नेता हेमलाल मुर्मू झामुमो में शामिल हो गये। हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू के जन्म दिवस पर उनकी जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित समारोह में हेमलाल मुर्मू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा।

### वीरेंद्र राम के सहायक आलोक गिरफ्तार

**रांची।** इडी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी आलोक रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब हो कि इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### अपरेश कुमार सिंह बने त्रिपुरा के चीफ जस्टिस

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के वरिष्ठ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने ट्वीट कर यह जानकारी दी थी।

### सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमी मिली है। धमकाने वाले शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर कहा कि वो 30 अप्रैल को सलमान खान को मार देगा।

### रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग

**रांची।** रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल नंबर दो में मॉक ड्रिल के दौरान मंगलवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बाद में फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया गया। हॉस्टल परिसर के पीछे ट्रांसफार्मर में काम के दौरान शार्ट सर्किट से आग लगी।

### आइपीएल में सट्टेबाजी पुलिस ने सात को दबोचा

**झुंझुनू।** झुंझुनू पुलिस ने आइपीएल मैच के सट्टे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए झुंझुनू शहर के रीको क्षेत्र में एक मकान पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

### इडी ने तेजस्वी यादव से की घंटों पूछताछ

**पटना/नयी दिल्ली।** पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती के बाद अब बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) टीम ने घंटों पूछताछ की।

### अंगारों पर दौड़े भाजपा नेता संबित पात्रा

**नयी दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा यूं तो अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। इस बार वह अपने बयानों के लिए नहीं बल्कि ट्वीटर पर पोस्ट किये एक वीडियो पोस्ट के लिए चर्चा में हैं। जिसमें वे अंगारों पर दौड़ रहे हैं।

# वित्तीय गड़बड़ी जांचने विभावि पहुंचे राजभवन से अधिकारी

- कई दस्तावेज खंगाला, कागजात राजभवन भेजने का दिया निर्देश
- रजिस्ट्रार के मामले में भी हुई पूछताछ, कार्यकाल का मांगा ब्योरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) में मंगलवार को राजभवन से ओएसडी (ऑफिसर्स ऑन स्पेशल ड्यूटी) मुकुलेश नारायण कई मामलों की जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे। वह, विवि में वित्तीय अनियमतताओं की जांच और रजिस्ट्रार के मामले को खंगालने यहां पहुंचे थे। उन्होंने कुलपति से भी कई मुद्दों पर पूछताछ की। साथ ही अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दस्तावेज खंगाले। डिजिटल बोर्ड की खरीदारी से लेकर कई मामले की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय मामलों से संबंधित कई दस्तावेज खंगाले और कई कागजात अपने साथ राजभवन ले गये। साथ ही कई दस्तावेजों की प्रतिलिपि राजभवन भेजने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)

### शिकायत पर चांसलर ने लिया संज्ञान

छात्र नेता और विभावि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष चंदन सिंह की शिकायत पर चांसलर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने विभावि में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित विभिन्न छह बिन्दुओं पर राजभवन को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। उसमें रजिस्ट्रार बीके गुप्ता का मामला भी संलग्न था। इसमें सेवा अवधि खत्म होने के बाद 10 करोड़ की खरीदारी की शिकायत की थी। मॉडल व महिला कॉलेज में फर्नीचरिंग, सरकार से गैर-सरकारी बैंक में राशि ट्रांसफर, रूसा बोर्ड से दो करोड़ की राशि से स्मार्ट बोर्ड की खरीदारी, कर्मी जयप्रकाश को एक्स्ट्रा अलाउंस देने, सूर्यकांत गांगुली और सूर्यभूषण को सरकार के रोक के बावजूद विभावि मद से वेतन देने समेत कई मामलों की शिकायत की थी।

**हमने करोड़ों की राशि बचायी : कुलपति :** विभावि हजारीबाग के कुलपति प्रो डॉ मुकुल नारायण देव का कहना है कि उन्होंने विभावि में करोड़ों की राशि की बचत की है। जो भी खरीदारी की गयी, वह फाइनांस एडवाइजरी के तहत समिति बनाकर की गयी। डिजिटल व स्मार्ट बोर्ड की खरीदारी में भी कोई सवालिया निशान नहीं है, बल्कि उन्होंने एक लाख रुपए बिजली की भी बचत कराई है। राजभवन से आए अधिकारी से भी इन बातों का उन्होंने जिक्र किया। राजभवन के अधिकारी ने उनसे रजिस्ट्रार के मुद्दे पर बातचीत की और पत्र में भी उसी बात का जिक्र था। जब बीके गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो गया था, तो एक सप्ताह पहले ही उन्होंने राजभवन को पत्र लिखकर इसकी सूचना दे दी थी। जब वहां से कोई निर्देश नहीं आया, तो बीके गुप्ता को एक्सटेंशन दे दिया।

शहीद सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि दे सीएम ने साहिबगंज को दी सौगात

# तय होगा वन उपज का एमएसपी बाजार भी उपलब्ध करायेंगे : हेमंत

- 75392.09 लाख रुपये की 2080 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास
- 206 लाभुकों के बीच बांटी लगभग 391 लाख की परिसंपत्ति
- 9 जिलों में मीजल्स-रूबेला विशेष टीकाकरण का शुभारंभ
- पैक्स- लैम्प्स की सदस्यता के महाअभियान का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/भोगनाडीह।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह, साहिबगंज में वीर शहीद सिदो- कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और वंशजों को सम्मानित किया। साथ ही साहिबगंज जिले के लिए विकास योजनाओं की कई सौगात दी। श्री सोरेन ने भोगनाडीह से मंगलवार को मिजल्स रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो -कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स-लैम्प्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों का एमएसपी भी तय किया जायेगा। सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स -लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स-लैम्प्स खरीदेगी। पलाश ब्रांड के जरिए महिल स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएम ने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। (शेष पेज 11 पर)



राज्य सरकार और नगर निगम से झारखंड हाइकोर्ट ने पूछा

# गर्मी में लोगों को पेयजल देने का क्या है इंतजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मंगलवार को रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण संबंधित एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार तथा नगर निगम से पूछा है कि गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं, इसकी जानकारी दी जाये। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं,



इसकी जानकारी मांगी। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। (शेष पेज 11 पर)

# रामगढ़ एलआइसी कार्यालय के समक्ष 30 लाख रुपये की लूट

- अपराधियों ने सीएमएस कंपनी के कैश वैन के सुरक्षा गार्ड के पैर में मारी गोली
- दो बाइक से पांच की संख्या में पहुंचे थे अपराधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि वे शहर में दिनदहाड़े लाखों की लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही एक घटना 11 अप्रैल को रामगढ़ गोला रोड स्थित एलआइसी कार्यालय के समक्ष घटी। जहां दो बाइकों से पहुंचे पांच अपराधियों ने करीब 30 लाख रुपये की लूट की घटना को



अंजाम दिया और फरार हो गये। बताया गया कि झंडा चौक स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय से सीएमएस कंपनी के कैश वैन सुरक्षाकर्मी 29 लाख 34,747 रुपये कैश वैन में रखने जा रहे थे। उसी दौरान दो बाइक से 5 अपराधी आ धमके। अपराधियों ने कैश वैन में रुपये रखने जा रहे सुरक्षाकर्मी प्रेम सागर से रुपये छीनने का प्रयास किया, तो सुरक्षाकर्मी ने इसका विरोध किया। इसपर अपराधियों ने सुरक्षाकर्मी पर गोली चला दी।

# सीजेआइ ने वकील को चेताया, कहा- मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जल्द सुनवाई के लिए बार-बार अनुरोध करने पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वकील पर भड़क गये। उन्होंने कहा कि आप मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करें। बाद में वकील ने कोर्ट से माफी मांग ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ हर दिन औसतन लगभग 100 मामलों की सुनवाई करती है जो सर्वोच्च न्यायालय की पीठों के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग करते हैं। मुख्य न्यायाधीश की अदालत अक्सर वकीलों से भरी रहती है, जो अपने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं।

मामलों के उल्लेख के दौरान मुख्य न्यायाधीश का वकीलों के साथ बातचीत में बहुत नरम लहजा होता है और अदालती कार्यवाही के दौरान शायद ही कभी अपनी आपा खोते हैं। हालांकि, मंगलवार को वह भड़क गये और एक वकील को चेतावनी दी- मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करो। वकील बार-बार एक मामले की जल्द सुनवाई के लिए अदालत से अनुरोध कर रहा था। जब पीठ ने उन्हें बताया कि उनका मामला 17 अप्रैल को सूचीबद्ध होगा, तो उन्होंने मामले को दूसरी पीठ के समक्ष उल्लेख करने की स्वतंत्रता मांगी। वकील ने कहा, यदि अनुमति हो तो मैं किसी अन्य पीठ के समक्ष इसका उल्लेख कर सकता हूं। वकील समझ गया कि उसकी दलीलों ने मुख्य न्यायाधीश को नाराज कर दिया है। खेद व्यक्त कर कहा कि उसे अपनी दलीलों के लिए माफ किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा- हां, क्षमा कर रहे हैं, लेकिन मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें।

# खौफ में अतीक, कहा- नीयत ठीक नहीं, मुझे मारना चाहती है पुलिस

- पुलिस वैन में बैठते ही जताया डर, गुजरात से फिर यूपी पुलिस प्रयागराज ले कर निकली

**एजेंसी**

**साबरमती, प्रयागराज।** अब उमेश पाल की हत्या केस में अतीक की पेशी होनी है। प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अतीक के पेश होने की अर्जी को खारिज कर दिया था। इसके बाद वॉरंट-बी लेकर साबरमती जेल में पहुंची और यूपी पुलिस का एक दल माफिया अतीक अहमद को लेकर अहमदाबाद के साबरमती जेल से दोपहर बाद प्रयागराज के लिए रवाना हो गयी। जेल से निकलकर वैन में बैठते वक्त अतीक ने अपनी जान का खतरा बताया। उसने कहा कि यह सब ठीक नहीं है। इन लोगों की नीयत ठीक नहीं है। ये लोग मुझे मारना चाहते हैं। अतीक अहमद ने मीडिया के सामने बयान दिया है कि पुलिस उसे मारना चाहती है। यह दूसरा मौका है जब उसे पेशी पर लाने के लिए गुजरात के साबरमती जेल से यूपी लाया जा रहा है। हाल ही में अतीक को 2006 में उमेश पाल किडनैपिंग केस में सजा हुई है। अब उमेश पाल की हत्या केस में अतीक की पेशी होनी है।

प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अतीक के पेश होने की अर्जी को खारिज कर दिया था। इसके बाद पुलिस वॉरंट-बी लेकर साबरमती जेल में पहुंची। अतीक का मेडिकल कराया गया फिर शाम में अतीक को लेकर यूपी पुलिस प्रयागराज के लिए निकली। पुलिसकर्मी बॉडी ऑन कैमरे से लैस हैं। साथ ही वैन की गेट में बायोमेट्रिक लॉक लगा है। (शेष पेज 11 पर)

**प्रयागराज में दर्ज है हत्या का मामला :** इससे पहले ट्रांसफर वारंट की प्रक्रिया को पूरा किया गया। यूपी में उसे गिरफ्तार कर नामदार कोर्ट में पेश किया जायेगा। पुलिस की कोशिश होगी की उसे रिमांड पर लिये जाते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश पुलिस इस बात की जांच करेगी कि अतीक की इस मामले में क्या भूमिका रही। पुलिस यह जानना चाह रही है कि उनके परिवार की मदद ली गयी या किसी और की। यूपी पुलिस अतीक के परिजनों की तलाश भी कर रही है। अब अतीक और उसके बेटे अली समेत 13 के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्रयागराज की धूमनगंज पुलिस ने यह मामला दर्ज है।



### राजस्थान के बिछीवाड़ा थाने पर वैन की जांच

साबरमती से अतीक को ले कर टली यूपी पुलिस का काफिला राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने पर कुछ देर रुका। थाने पर वैन की मैकेनिकल जांच करवायी गयी। बताया जा रहा है कि वैन में कुछ टेक्निकल समस्या थी। गुजरात से डूंगरपुर में एंट्री होते ही पुलिस अलर्ट हो गयी थी। अचानक थाने पर रुकने से एक बारगी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था।

**बॉडी कैमरों से लैस हैं पुलिसकर्मी**

अतीक की हर हरकत और प्रतिक्रिया पर नजर रखने के लिए पुलिस बॉडी कैमरों से लैस है, ताकि अहमदाबाद से प्रयागराज तक की सारी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सके। प्रयागराज के रहने वाले साबिर नाम के शख्स ने अतीक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है जिसके चलते उत्तर यूपी ने यह केस दर्ज किया है। राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की कुछ दिन पहले सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में अतीक अहमद सहित कई लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# पाक कंगाल, पर हथियार बेचकर सेना बनी मालामाल

**एजेंसी**

**खुली पोल**

**कराची।** कर्ज में डूबा पाकिस्तान अपने इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ हा है। आटे की वजह से भगदड़ में होने वाली मौत हो या फिर रमजान के मौके पर महंगे फल और सब्जी, ये खबरें अब आम सी लगने लगी हैं। इस सबसे बड़े संकट के बीच ही पाकिस्तानी सेना से जुड़े ऐसे सबूत सामने आये हैं जो यह बताने के लिए काफी हैं कि किस तरह से पाकिस्तान की आर्मी भारी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद यूक्रेन को बेचकर मालामाल हो गयी है। पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के रास्ते इन हथियारों को यूक्रेन भेजा है। (शेष पेज 11 पर)

**सीक्रेट रखने में नाकाम पाकिस्तान :** पाकिस्तान हमेशा से दावा करता आया है कि वह यूक्रेन के युद्ध में तटस्थ है लेकिन जो डॉक्यूमेंट्स सामने आये हैं, वो कुछ और ही बताते हैं। वेबसाइट द न्यू इंडियन के हाथ कुछ ऐसे दस्तावेज लगे हैं जो इस देश के असली चेहरे को सामने लाते हैं। द न्यू इंडियन के पास मौजूद बिल के अनुसार, इस साल फरवरी और मार्च के बीच, 42,000 122 एमएम बीएम-21 मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर पाकिस्तान से भेजे गए थे। पाकिस्तान ने इन हथियारों को अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन भेजा था। वेबसाइट न्यू इंडियन के हाथ जो बिल लगे हैं उनसे पता चलता है कि पाकिस्तान की ऑर्डनेंस फैक्ट्रियां ब्रिटेन, अमेरिका और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन को गोला-बारूद बेच रही हैं। पाकिस्तान ने इस आदान-प्रदान को सीक्रेट रखने की काफी कोशिशें की लेकिन असफल रहा।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद**
सदर अस्पताल परिसर, कोर्ट मोड़, धनबाद–82600।
फोन नम्बर–9431711098 / ई–मेल pcpndtdhn@gmail.com/cs.dhanbad@gmail.com

आमजन को यह सूचित किया जाता है कि हृदय रोग से ग्रसित व्यक्ति जिनकी आयु 3 माह से 65 वर्ष की है, वे अपना मुफ्त ईलाज करवाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय, धनबाद या अपने प्रखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिनांक 12–04–2023, 13–04–2023 एवं 14–04–2023 को पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण हेतु मरीज का राशन कार्ड एवं आई0डी0 प्रूफ लाना आवश्यक रहेगा। पंजीकरण हेतु मरीज को जाँच हेतु दिनांक 15 अप्रैल 2023 को जिला मुख्यालय धनबाद से चिकित्सक की देखरेख में रिम्स राँची भेजा जाएगा। हृदय रोग से ग्रसित बच्चे / व्यक्तियों को Prashanti Medical Services and Research Foundation (PMSRF) द्वारा चिन्हित कर तथा तिथि निर्धारित कर राजकोट एवं अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य सांई हृदय अस्पताल द्वारा मुफ्त में ईलाज किया जाएगा।

(डा0 आलोक विश्वकर्मा)
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद

PR 294874 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर**
Email ID-rdsdjamshedpur@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0–निविदा सूचना संख्या– E-RDSD/JSR/02/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पटमदा प्रखण्ड अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, पटमदा में छः कमरे वाले नये भवन का निर्माण। | 67,90,000.00 | 1,36,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 25.04.2023 अपराह्न 02:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.04.2023 अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903003903
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

PR 294785 Rural Development(23-24)#D



**कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची**
**(आई०सी०डी०पी० कोषांग, राँची)**

**अल्पकालीन पुर्न दर आमंत्रण सूचना**
**(निविदा)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री मतस्य सम्पदा योजना (PMMSY) के केन्द्रीय क्षेत्रक घटक के अन्तर्गत कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची में एक बड़े आकार का Aquaria (6'x2'x2.5') स्थापित किया जाना है। उक्त Aquaria के स्थापना एवं तीन वर्षो के रख–रखाव हेतु इच्छुक फर्म / सप्लायर / प्रतिष्ठानों से डबल बीड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से मुहर बन्द लिफाफे में (लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा लिखा हुआ हो) दर आमंत्रित किया जाता है। दर आमंत्रण सूचना की विस्तृत शर्त सहित निविदा दस्तावेज (Tender Documents) दिनांक 17.04.2023 से 20.04.2023 (अपराह्न 1:00 बजे) तक कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची (आई०सी०डी०पी० कोषांग, राँची) में मो० 4,200/- (चार हजार दो सौ) रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट (राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई०सी०डी०पी० कोषांग, राँची (STATE MONITORING OFFICE I.C.D.P. CELL, RANCHI) के पदनाम से राँची में भुगतेय) जमा कर अथवा नगद जमा कर कार्यदिवस एवं कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। कार्यालय, राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई०सी०डी०पी० कोषांग, राँची, चतुर्थ तल, पशुपालन–सहकारिता भवन, सिंह मोड़, हटिया, हेसाग, राँची में विहित प्रपत्र में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 25.04.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक) है। निविदा उसी दिन (25.04.2023) को अपराह्न 03:30 बजे खोली जाएगी।

| ताजे पाने के Aquaria का आकार (लंबाई X चौडाई X ऊँचाई ) | ईकाई की संख्या | इकाई की लागत | 3 साल के लिए रख–रखाव की लागत | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|
| बड़े आकार का Aquaria (6'x2'x2.5') | 01 | अधिकतम 82,000 /– रूपये | अधिकतम 1,26,000 /– रूपये | अधिकतम 2,08,000 /– रूपये |

नोट :– निविदा की शर्ते नोडल एजेंसी कार्यालय, राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, आई०सी०डी०पी० कोषांग, राँची से प्राप्त किया जा सकता है अथवा सूचना एवम् जनसम्पर्क विभाग के Website:- prdjharkhand.in पर देखा जा सकता है।

ह०/–
सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ (मु०)
झारखण्ड, राँची।
– सह – राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी
समेकित सहकारी विकास परियोजना कोषांग, राँची।

PR 294859 (Co-opretive) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(2nd Call)**
**Very Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23**
**Dated–10/04/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 11/04/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 12/04/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 17/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 18.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 19/04/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 2642 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-03 | 1 | 11 | 99 | 2642 | 9,35,67,000.00 | 9,36,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website-http://jharkhandterndors.gov.in**

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa.

PR.NO.294892 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/26/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 17.04.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 18.04.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 18.04.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of BC Girl's Hostel Palamu Club Campus at Daltonganj, Palamu. | 2395500.00 | 48500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation of S.T. Girls Hostel Building (Near Warden Quarter) of K.G. School, Daltonganj, Palamu. | 1938800.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Renovation Of Campus Boundary Wall, View Blocker Sheet Fencing and Flooring Work in Hostel In-Charge Quarter of 100 Bedded S.T. Girls Hostel K.G. Girls School at Daltonganj, Palamu | 1272500.00 | 26000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Outer Side Boundary Wall and Electrification, Of the District Fishery Office, Daltonganj, Palamu. | 2007000.00 | 40500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Repair/Painting, Roof Treatment and New Electrification of Anti Corruption Bureau Office Boundary Wall Septic Tank Construction, Palamu. | 21,43,900.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Repair and Renovation of Office of Regional Deputy Director, Health Services, Palamu Division, Medininagar. | 2392100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation/Repair of the 50 Bedded S.T Hostel (PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Marble, Flooring, G.C.I Gate) at Chhattarpur, Palamu. | 2493600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Repair of Veterinary Surgeon Office and Boundary Wall of Campus, Palamu, Medininagar. | 1878600.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Renovation of First Class Veterinary Hospital Building at Patan, Palamu. | 1420200.00 | 29000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 10. | Renovation Of Main Entrance Building and Audience Sitting Gallery of Narsinghpur Pathra Stadium Under Chainpur Block at Daltonganj, Palamu | 2486600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Renovation of First Class Veterinary Hospital Building at Kishupur, Patan Palamu. | 1533100.00 | 31500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 12. | Renovation Of Boundary Wall and Ground Development Work of Narsinghpur Pathra Stadium Under Chainpur Block at Daltonganj, Palamu | 2180600.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Construction of R.C.C Drain Cover, R.C.C Racks in Godown, Aluminum Glass Doors and Miscellaneous Work in Civil Court Palamu. | 1300700.00 | 26500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 14. | Repair/Rising Boundary Wall and Renovation of E type Quarter No- E01(DMO) & Qtr No-02(DSO) at Irrigation Colony Daltonganj, Palamu. | 1494200.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |

नोटः–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 294823 (Building) 23-24 (D)


## रांची के प्रभात तारा मैदान में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में जुटे लाखों भाजपाई

# लोकतंत्र में जनता के सवाल को लाठी और गोली से रोका नहीं जा सकता : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गठबंधन सरकार आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया है। श्री मरांडी मंगलवार को प्रभात तारा मैदान में आयोजित घेराव कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता के सवालों को लाठी गोली से रोका नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा। नौजवानों को ठगने वाली भ्रष्टाचारी गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष जारी रहेगा।

**यह परिवर्तन की अंगड़ाई है, आगे बड़ी लड़ाई है : दीपक**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि लोकतांत्रिक आंदोलन को हिंसक बनाने की जितनी निंदा की जाये, कम है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है। राज्य की गठबंधन सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। इसलिए हिंसा का सहारा ले रही है। पुलिसिया तानाशाही के बल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर हमले किये गये हैं।




**कागजों पर काम कर रही राज्य सरकार : रघुवर दास**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि यह सरकार बिचौलियों और सिंडिकेट की सरकार है। उन्होंने कहा कि जब–जब झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार बनी है, झारखंड शर्मसार हुआ है। बेरोजगारी, तुष्टिकरण, जातिवाद, उग्रवाद, कमीशनखोरी व गिरती कानून व्यवस्था से जानता त्रस्त है। विकास कार्य ठप हो चुका है।

**आदिवासी समाज पर हो रहा है हमला : अर्जुन मुंडा**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संपदा की लूट हो रही है। आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। माफिया पुलिस तंत्र मिलकर आदिवासियों की हत्या करवा रहे हैं। जब तक झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं बनेगी, विश्राम नहीं लेंगे।

**झारखंड का निर्माण अटल जी ने किया था : अन्नपूर्णा देवी**

केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि घेराव कार्यक्रम में आ रहे कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास झामुमो सरकार की हार दिखाती है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती अन्याय बर्दाश्त नहीं करती है। गठबंधन सरकार को लूट की छूट नहीं दी जा सकती है। भाजपा इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था, इसे बचाने का कार्य भी भाजपा ही करेगी।

## राज्य की गठबंधन सरकार से डरी भाजपा अब हिंसा पर उतरी : झामुमो

सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता नहीं जुटे तो बहाने बना रहे, भाजपा ने राज्य को गर्त में धकेल दिया था



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फ्लाप करार दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि इससे अधिक भीड़ तो नुक्कड़ सभाओं में होती है। सचिवालय घेराव कार्यक्रम में भाजपा के नेताओं ने मजमा लगाकर पुलिस बल पर पत्थर फेंके। मुट्ठी भर उत्पाती लोगों के सहारे भाजपा राज्य की सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रही है। भाजपा के सारे नेता हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से डर गए हैं। इन्हें लग रहा है कि हेमंत सोरेन की लोकप्रियता के आगे ये टिक नहीं पाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और समाज के वंचित वर्ग तक सरकार पहुंच रही है। युवाओं को नौकरियां मिल रही है। उच्च शिक्षा के लिए सरकार छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है। कोरोना काल में सबसे ज्यादा काम हेमंत सोरेन ने किया। उस दौरान भी राज्य के विकास की गति धीमी नहीं हुई। किसी को भूखे पेट सरकार ने सोने नहीं दिया। देश-विदेश में हेमंत सोरेन की प्रशंसा हुई। यह कार्य भाजपा के नेताओं को पच नहीं रहा है। भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने नकार दिया था। डबल इंजन सरकार की बात करने वाले रघुवर दास अपनी सीट तक गंवा बैठे। हेमंत सोरेन के खिलाफ बोलने का इन्हें नैतिक अधिकार नहीं है। इन्हें जनादेश का सम्मान करना चाहिए।

## भाजपा सांप्रदायिक राजनीति कर फैला रही नफरत : वाम दल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वाम दलों ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर कहा है कि भाजपा देश की संघीय ढांचा और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर कर रही है। सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है। भाजपा ने झारखंड समेत गैर भाजपा शासित राज्यों में सम्प्रदायिक एजेंडे को हथियार बनाया है। नेताओं ने एकजुट होकर कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन किया जायेगा।

जारी बयान में कहा गया है कि झारखंड में भी निरसा, साहेबगंज और अब जमशेदपुर में उन्माद और उत्पात की सांप्रदायिक राजनीति के माध्यम से ध्रुवीकरण की साजिश जारी है लेकिन हेमंत सरकार इससे निपटने में राजनीतिक रूप से सफल नहीं हो रही है। जबकि भाजपा आक्रामक तरीके से हेमंत सरकार पर हमले कर रही है। भाजपाई गोलबंदी इसका उदाहरण है।

**20 मई को संयुक्त कनवेंशन का आयोजन** : इसके पूर्व संयुक्त वामदलों की बैठक में निर्णय लिया



गया कि 20 मई को संयुक्त कंवेंशन का आयोजन किया जायेगा। जहां मजूदरों, किसानों की भागीदारी रहेगी। साथ ही युवा, छात्र, महिला और दुसरे प्रगतिशील संगठनों को लेकर एक साझा मंच का निर्माण किये जाने का फैसला हुआ। बैठक में भाकपा के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, महेंद्र पाठक, अजय सिंह, केडी सिंह समेत अन्य नेता शामिल रहे।

## भाजपा का सचिवालय घेराव पूरी तरह विफल रहा : राकेश सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा के कार्यक्रमों से भाजपा के कार्यकर्ता ही दूरियां बना ली है, जो मंगलवार को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में देखने को मिला।

राकेश सिन्हा ने कहा है कि आमजनता के मुद्दे जैसे महंगाई, बेरोजगारी बैंक घोटाले से ध्यान हटाने के लिए भाजपा सचिवालय घेराव कार्यक्रम कर नौटंकी कर रही है। भाजपा के इस कार्यक्रम में आमजनता की सहभागिता को नजरअंदाज कर दिया जाय तो भी



कार्यकर्त्ताओं की संख्या भी नागण्य थी। उन्होंने कहा है कि भाजपा का घेराव कार्यक्रम पूरी तरह विफल रहा है। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि जब भीड़ नहीं जुटी, तो भाजपा के नेताओं ने इसका ठिकरा प्रशासन के उपर फोड़ना शुरू कर दिया और फ्लॉप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पत्थर और पानी का बोतल तक प्रशासन के उपर चलाने का काम किया।

## राज्य में जल्द लागू की जायेगी एमएसएमइ नीति : जितेंद्र सिंह

### उद्योग सचिव से मिला जेएसएसआइए का डेलिगेशन, एमएसएमइ की समस्याओं पर चर्चा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जेएसएसआईए) का प्रतिनिधिमंडल उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह से मिला। इस दौरान जेसिया की ओर से औद्योगिक विकास और औद्योगिक पॉलिसी पर चर्चा की गयी। उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रतिनिदिमंडल को बताया कि राज्य में औद्योगिक विकास और एमएसएमई पॉलिसी के लिये सरकार प्रयासरत है। जल्द ही राज्य में एमएसएमई नीति लागू की जायेगी। वहीं, एमएसएमई निदेशालय पर भी सरकार प्रयासरत है। जल्द ही इसकी स्थापना की जायेगी। मौके पर उन्होंने जियाडा के नये रेगुलेशन बनाने और इसे जल्द प्रभावी करने पर भी पहल करने की बात कही। इस दौरान जेसिया की ओर से बताया गया कि लघु और मध्यम उद्योगों के विकास के लिये जेसिया सालों से प्रयासरत है।

वहीं, जेसिया की ओर से एमएसएमई निदेशालय बनाने की भी मांग की जा रही है। सचिव से वार्ता के बाद जेसिया अध्यक्ष अंजय पचेरीवाला ने सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि एमएसएमई निदेशालय के स्थापना से छोटे और कुटीर उद्योगों को काफी सुविधा मिलेगी। इससे कानूनी जटिलताओं का समाधान जल्द से जल्द हो सकेगा।

## ₹15 लाख के इनामी नक्सली रविंद्र गंझू के निवेशक को एनआइए ने लिया रिमांड पर

### सुरक्षा बलों पर हमला करने के मामले में एनआइए ने 14 स्थानों पर की थी छापेमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिछले साल झारखंड में सुरक्षा बलों पर हमला करने के आरोपी तथा 15 लाख के इनामी नक्सली रविंद्र गंझू के निवेशक साजन कुमार भुईंया को एनआइए ने रिमांड पर लिया है। सुरक्षा बलों पर हमला करने के मामले में एनआइए ने 14 स्थानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के क्रम में एनआइए ने रविंद्र गंझू के निवेशक साजन कुमार भुईंया को गिरफ्तार किया था, जबकि एक अन्य राजू साव फरार है।

गौरतलब हो कि छापे के दौरान एनआइए को एक देसी पिस्तौल के साथ छह कारतूस, एक मैग्जीन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वित्तीय लेनदेन तथा संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया था। एनआइए को जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि संदिग्ध राजू कुमार उर्फ राजू साव के स्वामित्व वाले राजू ब्रिक्स नाम के ईंट भटठे में मुंशी के तौर पर काम करता था। साव कथित तौर पर माओवादी रविंद्र गंझू की ओर से उगाही करता था और धन का निवेश करता था। साजन कुमार को इस लेन देन की पूरी जानकारी थी। गंझू गिरफ्तारी से बच रहा है।

उल्लेखनीय है कि एनआइए द्वारा मामले की जांच संभालने से पहले झारखंड पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून की विभिन्न धाराओं के तहत 18 जून को नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## मिशन 2024 तक शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं का उत्साही टेम्पो बनाये रखना चाहेगी

# सचिवालय घेराव के बहाने भाजपा का दिखा प्री-इलेक्शन पॉवर प्ले, भाजपाइयों की भीड़ ने नेताओं में भरा जोश

**उदय चौहान**

राज्य की गठबंधन सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपना रही : विपक्षी दल भाजपा

भाजपा को लोकतंत्र पर अब विश्वास ही नहीं रहा, इसलिए आंदोलन के बहाने हिंसा पर उतर आयी : सत्ताधारी दल

**रांची।** बहुचर्चित सचिवालय घेराव के बहाने भाजपा ने प्री-इलेक्शन पॉवर प्ले दिखाया है। मंगलवार को सचिवालय घेरने पहुंची भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज ने प्रदेश नेतृत्व को लाल कर दिया। हांलाकि, पुलिस ने घेराव के बहाने पत्थरबाजी का दावा किया है। वह कह रही है कि सभी पत्थरबाजों का वीडियो फुटेज उपलब्ध है। इस सब से इतर भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पूर्व अपने कार्यकर्ताओं को मांजने और चुनावी सिंहनाद का फैसला लिया। इस लिहाज से भाजपा को सफला जरूर मिलती दिख रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों से भी हजारों कार्यकर्ताओं के रांची



पहुंचने का प्रबंध किया गया था।

सांसद निशिकांत दुबे की ओर से गोड्डा से विशेष ट्रेन कार्यकर्ताओं को लेकर रांची पहुंची थी। इसके अलावा हजारों कार्यकर्ताओं के लिये प्रभात तारा मैदान में भोजन की व्यवस्था की गयी थी। इन स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुशासन का मुजाहिरा किया। हां! सचिवालय घेराव को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन ने पांच लेयर की मुकम्मल व्यवस्था की थी। दोनों पक्षों की जोर आजमाइश में लाठी चटकी और कुछ को जख्म भी आया। बावजूद, इस घेराव से भाजपा को खास मुनाफा हुआ दिखता है। मिशन 2024 को लेकर नेताओं-कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए यह घेराव याद किया जायेगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो भाजपा को चुनावी टॉनिक मिल गया है। एक बार फिर भाजपा ने प्रबंधकीय कौशल का परिचय दिया है। वहीं, भाजपा ने सत्ताधारी दलों को तगड़ी चुनौती भी दे डाली है। प्रमुख विपक्षी दल ने तो अगले चुनाव में सत्ताधारी झामुमो, कांग्रेस और राजद को उखाड़ा फेंकने का दावा तक किया है। कहा गया कि राज्य सरकार जबरन माहौल को खराब कर रही है। गठबंधन सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। जबकि, सत्ताधारी दलों की ओर से कहा गया कि भाजपा को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रह गया है। यही कारण है कि वह अब आंदोलन के बहाने हिंसा पर उतर आयी है। भाजपा ने पुलिस पदाधिकारियों पर काफी पत्थरबाजी कर अपना परिचय दे दिया है।

जो हो, भाजपा ने चुनावी सिंहनाथ के साथ राजधानी में दस्तक दे दी है। इसके आगे वह विभिन्न मुद्दों यथा सरकार की नाकामी, ध्वस्त विधि-व्यवस्था, भ्रष्टाचार को लेकर हमलावर रहेगी। फिलहाल, सत्ताधारी दल बैकफुट पर नजर आ रहे हैं।

# शास्त्रीनगर में तीसरे दिन भी रही शांति, दुकानें खुली

● पत्थरबाजी के बाद यहां धारा 144 लागू है और रैपिड एक्शन फोर्स अब भी मोर्चा संभाले हुए है

## दो युवकों पर सौहाद्र विगाड़ने का मामला दर्ज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा थाने में सौहार्द्र बिगाडने के मामले में मजिस्ट्रेट निशा कुमारी का बयान पर अलग-अलग दो मामले दर्ज किए गए हैं। दोनों मामले में नाजायज मजमा बनाकर षड्यंत्र रज का सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है। नामजद मामले में अमित कुमार यादव और दूसरे मामले में उबैद अख्तर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 395 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद सभी आरोपी अपने घर से फरार हो गए हैं। शास्त्री नगर इलाके में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी शांति बनी रही। पत्थरबाजी के बाद यहां धारा 144 लागू है और रैपिड एक्शन फोर्स अब भी मोर्चा संभाले हुए है। तीसरे दिन शास्त्री नगर की सभी दुकानें खुल गई है। लोग आम दिनों की तरह अपना कामकाज कर रहे हैं। यद्यपि इस दौरान किसी को भी भीड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। स्थिति सामान्य बनी रही तो प्रशासन धारा 144 हटाने पर विचार कर सकता है। यद्यपि मंगलवार को 144 की अवधि में भी लोगों को कल के मुकाबले थोडी छूट दी गई है। यद्यपि पुलिस क्षेत्र में किसी तरह की जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है इसलिए खुफिया टीम को सक्रिय कर दिया गया है। बता दें कि रविवार को दो गुटों में पत्थरबाजी के बाद पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी थी इसके बावजूद जब स्थिति में नहीं समझी तो आंसू गैस के गोले छोडे गए इसके बाद धारा 144 लगा दिया गया।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर युवक के खिलाफ प्राथमिकी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर में आसामाजिक तत्वों द्वारा उत्पन्न की गई विधि व्यवस्था की समस्या के बीच जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। किसी भी तरह से संवेदनशील वीडियो फोटो या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित/प्रचारित नहीं किये जायें इसपर 24७7 पैनी नजर थी।

आपत्तिजनक सामग्री के प्रचारित/प्रसारित करने को लेकर कुछ लोगों पर कार्रवाई भी की गई है। इसी तरह के एक मामले में उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के आदेशानुसार सोशल मीडिया



'फेसबुक' पर एक विशेष धर्म/समुदाय के प्रति आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने को लेकर उबैद अख्तर नामक युवक पर एफआईआर दर्ज किया गया है। उबैद अख्तर पर एक धर्म विशेष के लोगों को भडकाने एवं सामाजिक विद्वेष फैलाने को लेकर कदमा थाना में केस नं- 56/23 में धारा 295'अ' के तहत एफआईआर कार्यपालक दण्डाधिकारी निशा कुमारी द्वारा कराया गया है।

जिला प्रशासन का सभी जिलेवासियों से अपील है कि किसी भी प्रकार से समाज में विद्वेष या तनाव उत्पन्न करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को प्रचारित/प्रसारित नहीं करें, अन्यथा ऐसा करते हुए पाए जाने पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### गर्भवती पत्नी की हत्या करने वाले अरबाज खान को उम्र कैद

**जमशेदपुर।** जुगसलाई पुरानी बस्ती में अपनी ही पत्नी की हत्या के मामले में मंगलवार को एडीजे-4 राजेश कुमार सिन्हा की अदालत में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए आरोपी अरबाज खान को उम्र कैद की सजा सुनाई। उम्रकैद के साथ ही दोषी पर रु 5000 का जुर्माना भी कोर्ट की ओर से लगाए गए। जुर्माने की रकम जमा नहीं करने पर सजा की अवधि 1 साल और बढ जाएगी। मामले में कुल 13 लोगों की गवाही हुई है। अरबाज की शादी सालिया परवीन के साथ घटना से ठीक डेढ़ वर्ष पहले ही हुई थी। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद ससुराल वाले आलिया दहेज के रुप में एक टेम्पो और दो लाख रुपये नकद मांग कर रहे थे। घटना के दिन अरबाज ने पत्नी के साथ खूब मारपीट की थी और इसके बाद रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के वक्त सालिया गर्भवती थी। घटना के बाद जुगसलाई थाने में सालिया के पिता शेख नसीम ने पति अरबाज खान के अलावा ससुर अमजद खान सास रूबी खान और दादी आजाद बेगम के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

### बिरसानगर : देशी कट्टा के साथ 4 बदमाश गिरफ्तार



जमशेदपुर। बिरसानगर पुलिस ने सोमवार को हथियार के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश रंगदारी मांगने और लोगों के बीच भय का माहौल बनाने की योजना बना रहे थे। यह जानकारी जमशेदपुर के एएसपी ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा 5 जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों में बिरसानगर जोन नंबर 4 का रहने वाला राकेश कुमार सिंह उर्फ कटप्पा, बिरसानगर जोन नंबर 6 शांति चौक का सूरज लोहार उर्फ लादेन , बिरसानगर जो नंबर 3 हरी मंदिर का मोहित लेयांगी और सिद्धगोरा लोहार बस्ती का रविदास उर्फ चमरू शामिल है। गिरफ्तार युवकों में सूरज लोहार और राकेश सिंह के खिलाफ थाने में पहले से मामले दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसआई मृणाल कुमार राजेश कुमार यादव नकुल शर्मा दीपक कुमार दास अभय कुमार सिंह आरक्षी जगदीश कांड्या सतवंत सिंह गागरा आदि की टीम बनी थी।

### माली मालाकार कल्याण समिति ने मनायी ज्योति राव फूले की जयंती




**जमशेदपुर।** मंगलवार को बागबेडघ कलोनी स्थित अनुग्रह नारायण भवन में माली मालाकार कल्याण समिति द्वारा महात्मा ज्योति राव फूले जी की 196 वी जयंती बडे ही धूम धाम से मनाई गई। उनके द्वारा सामाज के लिए किए हुए कार्यो को याद करते हुए उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पोटका विधायक संजीव सरदार,पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव, कन्हैया सिंह, समिति के अध्यक्ष प्रेम लाल भगत महासचिव संजय मालाकार सचिव भोला प्रसाद भगत ,यमुना भगत प्रभाकर, प्रमोद मालाकार, काशीनाथ प्रसाद, संतोष भगत मुकेश कुमार (मंटू) सुशील कुमार भगत, किशोर राज, विजय भगत,मुकेश भगत, रवीन्द्र भगत एवं समाज के काफी संख्या में महिलाएं एवं सदस्य उपस्थित हुए।

### भुइयांडीह में नुक्कड़ सभा को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया संबोधित



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने भुईयाडीह में नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने कुनीतियों को छिपाने के लिए झारखंड सरकार का घेराव कर रही है। आज झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में सैकडों योजनाए धरातल पर गठबंधन सरकार के नेतृत्व में उतार दिए गए है। दूबे ने कहा कि देश व्यापारियों के हाथों में जा रहा है, जो बहुत खतरनाक मोड़ पर देश खडा है। आम जनता को आगे आना होगा।

### पूर्व सैनिकों के लिए जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा द्वारा शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर।** भारतीय सेना के तीनों अंगों से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों एवं अफिसरों की देखभाल की जिम्मेदारी जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की होती है। साथ ही पेंशन की समस्या, परिचय पत्र, बेटी विवाह, घर मरम्मत, शैक्षिक अनुदान आदि नाना प्रकार की योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। आज के कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा के कल्याण पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल किशोर सिंह के द्वारा आयोजित किया गया।

# विहिप व गौ-रक्षा आंदोलन से जुड़े 8 को पुलिस ने भेजा जेल

## सरयू राय ने कहा, पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर आपराधिक कृत्य किया, जनता से मिल कर गिरफ्तार युवकों को न्याय दिलायेंगे

>> जेल भेजे गए विहिप के कार्यकर्ताओं में शामिल हैं : चंदन चतुर्वेदी- अधिवक्ता, अनिरुद्ध गिरी, चंदन दास-बिरसानगर, भोला लोहार, भीम यादव, छात्र कन्हैया पांडेय ,शंकर राव और राजेश चौबे



जेल भेजे जा रहे विहिप नेताओं को बिदा करते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं गौरक्षा आंदोलन से जुड़े 8 युवकों को जमशेदपुर पुलिस ने मंगलवार की शाम जेल भेज दिया। जेल भेजे गए विहिप के कार्यकर्ताओं में शामिल हैं : चंदन चतुर्वेदी - अधिवक्ता, अनिरुद्ध गिरी-इनकी मां का देहांत हुआ था, चंदन दास-बिरसानगर, भोला लोहार, भीम यादव, छात्र कन्हैया पांडेय ,शंकर राव और राजेश चौबे।

जेल जा रहे कार्यकर्ताओं से मिलने मंगलवार शाम विधायक सरयू राय पहुंचे और कहा कि पुलिस ने इनके खिलाफ अन्याय किया है। विहिप के इन सदस्यों को शास्त्रीनगर कदमा सांप्रदायिक तनाव मामले में पुलिस ने कल उस वक्त गिरफतार किया जब वे इस मामले में समय लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने उनके कार्यालय गये थे।

विधायक सरयू राय ने इस मौके पर कहा कि आश्चर्य है कि गिरफ्तार विहिप नेताओं में एक अधिवक्ता हैं जो सीधे कोर्ट से एसएसपी कार्यालय गये थे, एक अपनी मां के श्राद्ध कर्म से कल ही जमशेदपुर लौटा था। इनमें से कोई दो दिन के भीतर कदमा नहीं गया था, पर पुलिस की नजर में वह भी अभियुक्त हो गए। विधायक सरयू राय ने एक बयान में कहा, मैं आज शाम इनसे मिलने कोर्ट गया था जहां से इन्हें जेल भेजा गया। मैंने पाया कि इन सभी का मनोबल उंचा है, इनके चेहरे पर भय का कोई लक्षण नही है।

### विहिप नेताओं के खिलाफ लगायी गई धाराओं को देख भड़के सरयू राय

विधायक सरयू राय ने कहा कि ये गिरफ्तारियां पूरी तरह गलत हैं, नाजायज हैं, हास्यास्पद है, निन्दनीय हैं। इन पर संगीन धाराओं लगाई गई हैं। इनपर आर्म्स एक्ट लगा है, विस्फोटक अधिनियम लादा गया है, धारा 307 लगा है। पर पुलिस ने इनके पास से कोई हथियार या विस्फोटक नहीं बरामद हुआ है। ये सभी एसएसपी अफिस से गिरफ्तार गये हैं। वहां ज्ञापन देने न्यायालय थे, समय लेकर गये थे। विधायक ने कहा कि इनपर संगीन धाराएं- 353, 153ए, 120बी, 295ए, 307, 27 आर्म्स एक्ट, 3४4 विस्फोटक एक्ट, 147,158,149,332, 333, 337,383,427 आदि एफआईआर में डाली गई हैं। यानी यह सब अपराध ये सब एसएसपी अफिस में बैठकर कर रहे थे। इससे अधिक हास्यास्पद संवैधानिक व्यवस्था में क्या हो सकता है? यह आपराधिक कृत्य है जिसे जमशेदपुर पुलिस ने किसी दबाव में किया है। संविधान और कधनून का पालन करने की शपथ लेकर अखिल भारतीय पुलिस सेवा में योगदान करने वालों का यह कारनामा सोच और समझ से परे है, राजनीतिक दबाव में झुकने नहीं बल्कि रेंगने वाला है। ऐसा दमनकारी कार्य 1975 इमरजेंसी के दिनों की याद दिलाने वाला है। विधायक ने कहा कि मैंने अनुचित तरीके से गिरफ्तार किये गये युवकों से वादा किया है कि उनकी कानूनी लडाई समाज लडेगा, मेरी पूरी मदद इसमें रहेगी। उन्हें गिरफ्तार कर जमशेदपुर में भय और आतंक का वातावरण बनाने वालों का मंसूबा पूरा नहीं होने जाएगा।

## आधुनिक तकनीक शिक्षा से ही देश का विकास होगा : डॉ अमर कुमार चौधरी

नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह में मोटिवेशनल सत्र आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चांडिल/जमशेदपुर।** नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह में इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट के तहत झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी ने मोटिवेशनल सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में पुरे देश के 40 प्रतिशत खनिज संपदा मौजुद है फिर भी यहां के 40 प्रतिशत जनता रात को भूखे सोती है, और 70 प्रतिशत निवासी अभी तक कृषि पर निर्भर है। ऐसा इसलिए है कि हमारी मानसिकता गरीब है, हमारी सोच गरीब है। इसका एक ही समाधान है आधुनिक तकनीक शिक्षा। डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी 2014 में प्रधानमंत्री का दायित्व संभालते ही सर्वप्रथम नई शिक्षा नीति लागू किया। नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को को काफी लाभ मिलेगा। संस्थान के संस्थापक डॉ जटा शंकर पांडेय ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन होगा। समारोह का संचालन प्रो सुधीर कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रो नवीद अहमद ने दिया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटा शंकर पांडेय, प्रो रमेश महतो, रंजित महतो, एस एन ठाकुर, नोनित वत्स, शिल्पी वत्स्य, अनुप कुमार महतो, दुर्गा चरण गोप, भागीरथ दास, भास्कर दास, के एन ओझा, खुशी ओझा, शांति राम महतो, पवन कुमार महतो, अजय कुमार मंडल, निमाई मंडल, शिशुमती दास, विश्वनाथ मंडल आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।



सत्र को संबोधित करते डा अमर कुमार चौधरी।

## सरयू राय की जांच समिति के सदस्य अभय सिंह के आवास पर पहुंचे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा शास्त्रीनगर में उपद्रव की घटना के निष्पक्ष जांच के लिए विधायक सरयू राय के निर्देश पर भाजमो द्वारा गठित तथ्य अन्वेषण एवं समन्वय समिती का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भाजपा नेता अभय सिंह के आवास पहुंचा। भाजमो नेताओं ने अभय सिंह के भाई निर्भय सिंह सहित अन्य परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। भाजमो नेताओं को परिजनों ने बताया कि अभय सिंह हिंदु जनभावनाओं के हित के लिए सदैव मुखर रहे है यही कारण है की कदमा शास्त्रीनगर में उपजे उपद्रव के बाद भाजपा नेता अभय सिंह के घर सुबह सवेरे पुलिस प्रशासन ने पुरे दल बल के साथ दबिश देकर अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। भाजमो नेताओं के कहा प्रशासन कि इस कार्रवाई से पुरे हिंदु समाज में निराशा और आक्रोश है। कदमा में हिंदु जन भावना को ठेस पहुंचाने के मकसद से जो हिंसा फैलाई गई और जो भीषण उपद्रव हुआ उस घटना की तह तक जाकर जांच करेगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजमो पश्चिम के संयोजक मुकुल मिश्रा, पूर्वी संयोजक अजय सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह आदि शामिल थे।

## वामदलों ने जमशेदपुर की जनता से शांति और सदभाव बनाये रखने की अपील की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के वामदलों ने शहरवासियों से शांति एवं आपसी सद्भाव बनाये रखने की अपील की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव जेपी सिंह, एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव सुमित राय और सीपीआई एमएल लिबरेशन के जिला सचिव एसके राय ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि हमारे समाज का नफरत आधारित ध्रुवीकरण करने के लिए, समाज के निहित स्वार्थ वाली ताकतों द्वारा, खाद्य -जाति-त्योहार-पोशाक और भाषा से संबंधित मुद्दों को जानबूझकर जिस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, उससे हम बेहद चिंतित हैं। बयान में कहा गया है कि आम तौर पर जिन समुदायों ने किसी मोहल्ले में सद्भाव के साथ रहते हैं, वे केवल विशेष त्योहारों के दौरान ही नफरत फैलाने वाली गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, यह केवल कुछ निहित स्वार्थों द्वारा प्रेरित और डिजाइन की गई भड़काऊ गतिविधियों के कारण हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण, प्रायः प्रशासन को उन अशांतकारी उत्पाती तत्वों जो उकसावे और प्रतिशोध की पहल करते हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए या तो बाधा उत्पन्न की जाती है या रोक दिया जाता है।

## सेनको का नया शोरूम साकची पेन्नार रोड में खुला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने साकची पेन्नार रोड में एक नए शोरूम के शुभारंभ के साथ झारखंड में अपने विस्तार की घोषणा की। इस नए जुड़ाव के साथ सेनको के अब जमशेदपुर में दो और राज्य में छह शोरूम हो गए हैं। कोलकाता में मुख्यालय वाले सेनको गोल्ड के वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर 13 राज्यों में फैले कुल 136 शोरूम हैं। साकची का नया शोरूम लगभग 3000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसमें सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के शानदार रूप से डिजाइन किए गए आभूषण संग्रह की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। शोरूम का उद्घाटन करते हुए सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के चीफ अपरेटिंग अफिसर संजय बनर्जी ने कहा कि हम जमशेदपुर के नागरिकों के लिए एक और शोरूम लाकर बहुत खुश हैं। एक ग्राहक केंद्रित ब्रांड होने के नाते हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करना रहा है। यह स्टोर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा पूरे एक्सक्लूसिव कलेक्शन की पेशकश करेगा। हम अपने सेनको गोल्ड शोरूम में आने के लिए आप सभी का स्वागत करते हैं। इस मौके पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुभांकर सेन ने कहा कि हम अपनी विस्तार रणनीति के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं और भविष्य के लिए तैयार कंपनी बन रहे हैं। हमें भरोसा है कि हम अपने जटिल डिजाइन, कारीगरी और लयल्टी इंगेजमेंट प्रोग्राम से अपने ग्राहकों को खुश करेंगे।



शो रुम का उद्घाटन करते कंपनी के सीओओ संजय बनर्जी।

## पान (तांती) समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चुने गए मोतीलाल दास, हरिश्चंद्र भंज महासचिव

### कोल्हान प्रमंडल केंद्रीय समिति का चुनाव संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गत रविवार को चाईबासा के टुंगरी में कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति के सभी कमेटियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक संयुक्त बैठक, चुलेन कुमार दंडपाट जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । विदित हो कि दिनांक 26 फरवरी 2023 को जमशेदपुर में संपन्न हुए स्वजाति वार्षिक मिलन समारोह कार्यक्रम में लिए गए निर्णय के आलोक में संगठन की केंद्रीय कमेटी का गठन, संगठन के संस्थापक उमाकांत दास एवं मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार दंडपाट की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुई, जिसमें कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति के जिला कमेटी जमशेदपुर, प्रखंड कमेटी जमशेदपुर,नगर कमेटी चक्रधरपुर, नगर कमेटी चाईबासा, प्रखंड कमेटी मनोहरपुर, प्रखंड कमेटी खरसावां के साथ-साथ कुचाई, तांतनगर, राजनगर, चिड़िया, झिंकपानी, मंझारी, गम्हरिया एवं विभिन्न प्रखंडों से आए हुए महिला-पुरुष प्रतिनिधियों, स्वजातियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोहरपुर से मोतीलाल दास, उपाध्यक्ष हेतु चाईबासा से चुलेन कुमार दंडपाट, चक्रधरपुर से गणेश तांती, खरसावां से शरद कुमार पान, इचागढ़ से करमु स्वाशी, केंद्रीय महासचिव हेतु जमशेदपुर से हरीश चंद्र भंज, सचिव हेतु चक्रधरपुर से सपन कुमार दास, खरसावां से अंजू दास, कुचाई से नागेंद्र तांती, संगठन सचिव हेतु मनोहरपुर से जितेंद्र कुमार दास, चाईबासा से प्रमोद भंज, चक्रधरपुर से यशोधरा दास, गम्हरिया से उमाकांत दंडपाट, कोषाध्यक्ष पद हेतु जमशेदपुर से राजेश कुमार दास, सह कोषाध्यक्ष हेतु रामचंद्र दास, कानूनी सलाहकार हेतु चाईबासा के वरिष्ठ अधिवक्ता शरण कुमार पान,संयुक्त प्रेस प्रवक्ता हेतु जमशेदपुर से जगदीश दास, सह प्रेस प्रवक्ता हेतु मनोहरपुर से द्वारिका प्रसाद दास को निर्वाचित किया गया। साथ ही साथ केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जमशेदपुर जिला कमेटी के अध्यक्ष गुरुदेव पात्रो, रोहित तंतुबाई, जमशेदपुर प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक पात्रो, सचिव बनारस दास, मनसा दास, चक्रधरपुर नगर कमेटी के अध्यक्ष अशोक दास, सचिव प्रदीप कुमार दास, शिवानंद दास एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हरीश पान, नगर कमेटी चाईबासा के अध्यक्ष दयानंद मलुवा, सचिव लक्ष्मण दास, सुखलाल दासभ्य, मुकेश दास, मनोहरपुर प्रखंड कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चंद्र दास, सचिव मनोज दास, कमल किषटो दास एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जगदीश भंज, खरसावां प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष निरंजन तांती, सचिव रोहित दास, कुचाई से नव तांती एवं राजनगर से रविंद्र नाथ दंडपाट को रखा गया है।



## खबर एक नजर में

### भाजपा के सचिवालय घेराव में पुलिस लाठीचार्ज में गूंजन समेत कई घायल



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश की ओर से मंगलवार को आयोजित सचिवालय महाघेराव में पूरे प्रदेश से लाखों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रांची के प्रभात तारा मैदान से पैदल मार्च करते हुए पार्टी के वरीय नेताओं के संग कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सचिवालय की ओर कूच किया। इस दौरान पुलिस को कार्यकर्ताओं के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन एवं लाठीचार्ज की गई। विरोध-प्रदर्शन के दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सचिवालय के सभी बैरिकेडिंग को पार करते हुए अंतिम बैरिकेडिंग सचिवालय गोलचक्कर तक पहुंच गए। जहां उन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जगरनाथपुर थाने में करीब दो घंटे तक उन्हें गिरफ्तार कर रखा गया। जिसके बाद स्थिति सामान्य होने पर उन्हें पीआर बन्ड भरने के बाद छोड़ा गया। गिरफ्तार होने वाले में एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजयुमो कोल्हान प्रभारी प्रदीप मुखर्जी व अन्य शामिल थे। इससे पहले, पुलिस प्रशासन द्वारा बरसाई गयी लाठीचार्ज में जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा समेत कई कार्यकर्ताओं को चोटे आयीं है। सचिवालय घेराव में जमशेदपुर से भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्तियों में शामिल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, दिनेशानन्द गोस्वामी, जटा शंकर पांडे, देवेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, राजीव कुमार सहित सहित सैकडों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### शहीद-ए-अमन जकी अनवर की स्मृति में एमएस इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम संपन्न



मरहूम जकी अनवर।


**जमशेदपुर।** मंगलवार को एम एस इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मानगो जमशेदपुर झारखंड में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उर्दू के प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता जनाब जकी अनवर का शहादत दिवस है। जनाब जकी अनवर शहर के उन चंद साहित्यकारों में से हैं जिन्होंने न सिर्फ.अपनी रचनाओं से समाज को अमन का पैगाम दिया बल्कि एक सुंदर और शांतिप्रिय समाज के निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया। आज शहीद-ए-अमन जकी अनवर के शहादत दिवस के मौके पर उन्हें याद करते हुए उनकी प्रसंगिगता कर केंद्रित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर खालिद इकबाल, जकी अनवर के बेटे अनवर नाजिश, आमिर फिरदोसी, फैयाज अहमद, प्रोफेसर जावेद अख्तर अंसारी, डॉ जाहिद तहसीन, मोनदीम व बहुत से लोग उपस्थित थे।

### पलविंदर कौर पर जताया विश्वास, दोबारा प्रधान बनी



जमशेदपुर। टेल्को सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी पलविंदर कौर दोबारा अगले तीन साल के लिए प्रधान बनाई गई हैं। रविवार को श्री सत्संग सभा की बैठक हुई और इसमें पलविंदर कौर ने अपने कार्यकाल के आय व्यय का ब्यौरा रखा और कमेटी भंग कर दी और सभी से अगला नया प्रधान चुन लेने का आग्रह किया। जिसे सभी ने अस्वीकार कर दिया और उन पर विश्वास जताया और अगले तीन साल के लिए जिम्मेवारी लेने का आग्रह किया। इसी क्रम में बीवी पलविंदर कौर ने पुरानी कमेटी को ही साथ रखने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया और इस तरह से अगले 3 साल के लिए बीबी अमृता कौर ही महासचिव बनी रहेंगी। स्त्री सत्संग सभा का फैसला लेने की जानकारी मिलते ही प्रधान सरदार बलविंदर सिंह चेयरमैन सरदार गुरमीत सिंह जी तोते, अकाली दल प्रधान सरदार सुखदेव सिंह खालसा, पूर्व प्रधान सरदार रामकिशन सिंह, हीरा सिंह आदि पहुंचे और गुरु दरबार में सभी ने हाजिरी भरी और गुरु घर की ओर से उन्हें सिरोपा भेंट किया गया। बीबी पलविंदर कौर और अमृता कौर को बधाई दी तथा सामूहिक फैसले लेने के लिए स्त्री सत्संग सभा के प्रति आभार जताया। बीबी पलविंदर कौर पूर्व प्रधान तथा सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार गुरमीत सिंह जी तोते की धर्मपत्नी हैं और उनका पूरा परिवार शहर में गुरु घर की सेवा, मयार्दा, सत्कार का पर्याय बन चुका है। बीबी परविंदर कौर को प्रधान बनने पर सीजीपीसी प्रधान सरदार भगवान सिंह चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू आदि ने बधाई दी है।

### 8 वर्ष की उम्र में स्वेच्छा साहू ने किया संगीत में डिप्लोमा, बनाया कीर्तिमान



**जमशेदपुर।** मंगलवार को तेली साहू समाज जुगसलाई क्षेत्र द्वारा बारीडीह निवासी त्रिवेन्द्र कुमार साहू एवं वेणुका साहू के सुपुत्री स्वेच्छा साहू नन्हीं लोक गायिका को सबसे कम उम्र 8 वर्ष में गायन में डिप्लोमा पूरा करने पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हुआ। इस अवसर उनके बारीडीह स्थित आवास पर जाकर जुगसलाई क्षेत्र साहू समाज ने उनको सम्मानित किया एवं बधाई शुभकामनायें एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामभरोसे साहू मंत्री राजेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष प्रीत राम साहू साथ ही जुगसलाई क्षेत्र महिला समिति अध्यक्षा लक्ष्मी साहू उपाध्यक्ष संगीता साहू तरुण साहू उपमंत्री रेणुका साहू कार्यकारिणी सदस्य वैजयंती साहू पूनम साहू रेखा साहू सहित समाज के गणमान्य उपस्थित थे।

### सबिता महतो ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन



**चांडिल।** मंगलवार को रुचाप पंचायत के गांगुडीह पुनर्वास में ईंचागढ के विधायक सविता महतो ने साढध्े सात लाख के अधिक की लागत से विधायक निधि से बने चार सौ फीट पीसीसी सडध्क का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा यह सडध्क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत होगी। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबुल महतो, श्यामल मार्डी, राहुल वर्मा, सुदामा हेंम्ब्रम, कालीचरण मुर्मू, वितन हांसदा, धनीराम सोरेन, सुकु बेसरा, भजन गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स ने गम्हरिया के 30 युवाओं को दिया आतिथ्य का प्रशिक्षण



**गम्हरिया।** टाटा स्टील लग प्रोडक्ट्स कम्पनी के सीएसआर विभाग ने कौशल विकास का एक नया आयाम जोड़ते हुए गम्हरिया और आसपास के 30 बेरोजगार लडध्के और लड़कियों को हस्पिटलिटी (आतिथ्य) का प्रशिक्षण दिलाया। इन प्रशिक्षित युवाओं में से 20 को विभिन्न सेवा क्षेत्र में नियोजित भी किया जा चुका है। टाटा ग्रुप ऑफ कंपनीज में एक नई सोच और अवधारणा तय करते हुए इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड (एच आई सी एल) और एनजीओ, हेड हेल्ड हाई (एचएचएच) के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रारंभिक समूह को श्अतिथि देवो भव के महत्व, भाव और गरिमा का प्रशिक्षण दिया गया। टीएसएलपीएल सभागार में आयोजित प्रशिक्षुओं के सम्मान समारोह में उपस्थित कम्पनी के सीपीओ राशिद जाफघ्री ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रत्येक प्रशिक्षु से एक नए युवा को हस्पिटलिटी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रशिक्षक श्रीशा (आईएचसीएल), देवाशीष दूबे (एचएचएच), राजू (प्रबंधक, होटल जिंजर) सीएसआर टीम के साथ उपस्थित थे।

# गिरता स्तर

सवाल चुनावी सभाओं में अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने का नहीं है। जनतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की जायज कोशिश करना कतई गलत नहीं है, पर इस कोशिश में शिष्टाचार और व्यवहार की सीमाओं का अतिक्रमण किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्य से, हमारे नेता, चाहे वे किसी भी रंग के झंडे वाले हों, अक्सर यह अतिक्रमण करते दिखते हैं। यह प्रवृत्ति चुनावी सभाओं में और ज्यादा उभर कर सामने आती है। पिछले चुनावों में देश में कई जगह इस तरह के शब्द और वाक्य काम में लिये जाते रहे हैं। आज भी हमारे नेता एक-दूसरे पर बेबुनियाद आरोपों की झड़ी लगाते दिखते हैं। हमारे मंत्रियों तक को यह याद नहीं रहता कि सदन में किसी को झूठा कहना भी असंसदीय शब्द माना गया है! वहां भी यह अपेक्षा की जाती है कि माननीय सदस्य किसी को झूठा कहने के बजाय यह कहे कि आप सच नहीं बोल रहे। सच न बोलने और झूठ बोलने में भले ही कोई अंतर न होता हो, पर शब्दों की मयार्दा और शालीनता तो साफ दिखती है। यह मयार्दा सड़क पर भी निभायी जानी चाहिए। जब कोई नेता विशाल जनसभा में लटके ले-लेकर बोलता है तो तालियां जरूर बजती हैं, पर शब्दों की मयार्दा का उल्लंघन कोई अच्छा उदाहरण प्रस्तुत नहीं करता। जनतांत्रिक मूल्यों का तकाजा है कि हमारे नेता स्वस्थ उदाहरण प्रस्तुत करें। किसी को पप्पू या मंदबुद्धि कहना उसे छोटा नहीं बनाता, उल्टे कहने वाला स्वयं अपनी गरिमा खो रहा होता है। दूसरी ओर किसी भी नेता द्वारा देश के पीएम को कायर कहना भी लोकतंत्र के लिये बेहतर संकेत नहीं है। राजनीति और नेता देश के लिए महत्वपूर्ण है और हमें इसके सम्मान में कमी आने नहीं देना चाहिए। लोकतंत्र चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। एक देश उसके विरासत और वर्तमान के सकरात्मक माहौल से बनता है।

# भाजपा का घेराव

राज्य की राजनीति में सक्रियता का दौर आंरभ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने सचिवालय घेराव के माध्यम से एक राजनैतिक माहौल बनाने का प्रयास आंरभ कर दिया है जो केन्द्र और राज्य के चुनाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। सामान्य तौर पर राजनैतिक दल विधानसभा, मुख्यमंत्री आवास, राज्यपाल भवन के समक्ष ही घरना, प्रदर्शन करते रहें हैं। लेकिन राज्य में भाजपा ने एक शक्ति प्रदर्शन किया जिसकी दिशा सचिवालय की ओर थी। सचिवालय विधायिका का मुख्य कार्यालय न होकर कार्यपालिका का केन्द्र है। खैर यह सोच भाजपा के राज्य स्तर पर या केन्द्र स्तर पर ली गयी तो इसका आशय समझना कठिन है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी विशेषकर झारखंड में जिस प्रकार विधानसभा का चुनाव हारकर सत्ता से बाहर हुई है और उनके मुख्यमंत्री को हार का मुंह देखना पड़ा है उससे यह संकेत साफ है कि पार्टी में कार्यकत्ता की ताकत और सुनवाई लगातार कम हो रही है। बड़ें-बड़ें अधिकारी, दूसरे दल से आये नेता और हाई कमान की पंसद के आगे कार्यकत्ताओं की कोई बिसात नहीं है। भाजपा जिस प्रकार मुख्यमंत्री सोरेन पर व्यक्तिगत हमले कर रही है उससे भाजपा को नुकसान होना तय है। लोकतांत्रिक मूल्यों वाले देश में अगर भाजपा को मोदी पर हुए व्यक्तिगत हमले से आम लोगों के सहानुभूति का लाभ मिल जाता है तो यह बात झारखंड राज्य में सीएम हेमंत सोरेन पर भी लागू होती है। विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था की जान है लेकिन जब उसकी दिशा गलत हो तो परिणाम सही नहीं होगा यह तय है। हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में राजनैतिक परिपक्वता और ताकत को साबित कर दिया है। आने वाले समय में अगर मुख्य विपक्षी दल इस प्रकार व्यक्तिगत विरोध पर उतरी और जन समस्या को सामने नहीं रखा तो सिर्फ गठबंधनों से चुनाव नहीं जीते जा सकेंगे।

# जिनके सानिध्य में जानने को कुछ शेष न बचे


**स्वामी सत्यानंदजी** परमहंस बताते हैं कि स्वामी शिवधर्मानंद जी ऐसे सद्‌गुरु,संत, ज्ञानी, परब्रम्ह थे जिनके सानिध्य में जानने के लिये कुछ शेष नहीं रह जाता था।

भारत पुण्य भूमि पर संतो की परम्परा रही है। इसी परम्परा में एक ऐसे तत्व ज्ञानी महापुरुष आये जिनके बारे में कुछ भी कहा जाए या कुछ भी लिखा जाए वह कम होगा। ज्ञान मार्तण्ड करुणा सागर पूर्ण संत श्री श्री 1008 श्री स्वामी शिवधर्मानंद जी महाराज परमहंस जी 1907 में धरा पर आये। 20 मार्च 1999 को ब्रह्मलीन होने तक वे भक्ति के प्रचार और समाज के कल्याण के लिये क्षण भर रुके बिना काम करते रहे।

**आरंभिक जीवन**

काशी के चन्दौली जनपद में मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर खुरुहुंजा नाम का गांव है। गांव में भक्ति के साथ साथ शक्ति को लेकर लोगों में सजगता है। ब्रत त्योहार के साथ इस गांव के युवा कुश्ती का शौक भी रखते थे। इसी गांव में पंडित रामउग्रह तिवारी उर्फ बड़का तिवारी और धर्मपत्नी मोरवंशी देवी के परिवार में बसंत पंचमी के दिन इनका जन्म हुआ। इनका नामाकरण देवशंकर हुआ। आरंभिक जीवन में इन्हें नारायण बनिया के परिवार ने भी जो निसंतान ने अपना पुत्र मानकर प्रेम किया। मां मोरवंशी ने कहा कि मैं चाहती हूं कि देवशंकर पूरी दुनिया के अपने हो। खुरुहुंआ में एक कहावत प्रचलित थी ***मर्द खुरुहुंजा पंजा तोड़।*** हनुमान जी बल पौरूष वाला यह गांव पूर्ण धार्मिक वातावरण वाला था। गांव के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन के क्रम में आपकी वृद्धि अति कुशाग्र थी। बचपन में ही ये जिज्ञासु थे और सवाल करते की भगवान कौन हैं? कहां रहते हैं? हम कौन हैं? पूछने पर बताया जाता - भगवान खोजी होने पर मिल जाते हैं। तप तपस्या भजन ध्यान करने पर प्रगट हो जाते हैं। मन में विचार उठता पृथ्वी पर राम- कृष्ण तो कभी धरती पर मौजूद थे और उस जमाने के लोगों को उनका सानिध्य प्राप्त था। बालक देवशंकर का मन दृढ़ हो चला- मुझे भी साक्षात शरीर वाले भगवान चाहिए, मूर्ति या चित्र वाले नहीं। उन्हें किशोरावस्था में एक परम धार्मिक व्यक्ति बैकुंठनाथ सिंह ने बताया कि ब्रह्म ज्ञान होने पर ईश्वर को जान लिया जाता है। सिंह जी सवा लाख राम नाम जपने के बाद ही भोजन ग्रहण करते थे। उन्होंने बताया कि इसके लिये समर्थ गुरु की आवश्यकता होती है। बैंकुठनाथ सिंह जी जो खुरुहुंजा गांव ही थे जो बाद में गढ़वा घाट काशी से स्वामी जी बने।





\- मुरलीधर

> भक्ति मार्ग के संस्थापक परमहंस दयाल स्वामी अैद्धेतानंद जी महाराज ने जिस पंथ का आगे बढ़ाया था वह चार स्तरीय था। गुरु रहेंगे जिनकी पूजा होगी। ये ब्रह्म स्वरूप रहेंगे। ज्ञानदाता उनकी संज्ञा रहेगी और जो कोई भी हो वह मन, वाणी और कर्म से उनका वरण करेंगे। गुरु भक्ति का अर्थ अपने को गुरु में तल्लीन कर देना। दूसरे पैदान पर महात्मा लोग होंगे। ये महात्मा लोग गेरूआ वस्त्र पहनेंगे।

**सन्यास**

1930 में देवशंकर तिवारी की उम्र 23 वर्ष की थी। गढ़वा घाट आश्रम काशी का निमार्ण कार्य चल रहा था। उन्होंने भी भकड़ेंवाले कुटी पहुंचकर सन्यासी बन गये और योग पट दिया गया शिवधर्मानंद। 1935 में सदगुरु स्वरूपानंद महाराज नांगली चले गये। गुरुवाणी हुई अब मेरे यहां आने की आवश्यकता नहीं है। अब गढ़वा घाट काशी के महात्मा ही आपके गुरु होंगे। गुरुग्रंथ साहब में लिखा है। वाणी गुरु है गुरु है वाणी बीच वाणी अमृतसार है। गुरुवाणी कहे सेवक जान माने प्रतीत गुरु निस्तार।

गढ़वा घाट आश्रम काशी का निमार्ण शीरकरहिया गांव में गंगा किनारे चल रहा था। महात्मा शिवधर्मानंद, महात्मा हरशंकरानंद,महात्मा हरसेवा नंद मुख्य महात्मा थे। स्वामी शिवधर्मानंद जी साइकिल से घूमते और सत्संग करते थे। इन्होंने शंका समाधान केन्द्र का एक बोर्ड लगा दिया था जिसकी चर्चा चारो ओर थी। बक्सर के समीप सिमरी प्रखंड में स्थित छोटका राजपुर गांव के लोग गढ़वा घाट आश्रम के शिष्य थे। उनके आग्रह पर स्वामी जी को पालकी से लाया गया। कुछ समय बाद राजपुर में आश्रम निमार्ण की मांग रखी गयी।

यह यूपी के बलिया और बिहार के बक्सर का इलाका था जहां काफी विवाद होता था। इसका निदान के लिये नेहरू जी ने त्रिवेदी आयोग बनाया। एसएम त्रिवेदी मद्रास हाई कोर्ट के सेवा निवृत जज थे उन्होंने पिलर से इसे निर्धारित किया।

स्वामी जी ने गांव के लोगों द्वारा प्रदत भूमि पर आश्रम बनाया। भक्ति का प्रचार आंरभ हो गया। वे आश्रम के हर कार्य में पूरे मन से लोगों को जोड़ते। राजपुर दरबार की भक्ति यात्रा का धीरे घीरे विस्तार हो गया। पाकुड़ से लेकर लखनऊ तक स्वामी जी का दौरा होता। घीरे-धीरे व्यवस्था अनुकूल हो रही थी स्वामी जी श्वेत वस्त्र में आ गये। भक्ति मार्ग के संस्थापक परमहंस दयाल स्वामी अैद्धेतानंद जी महाराज ने जिस पंथ का आगे बढ़ाया था वह चार स्तरीय था। गुरु रहेंगे जिनकी पूजा होगी। ये ब्रह्म स्वरूप रहेंगे। ज्ञानदाता उनकी संज्ञा रहेगी और जो कोई भी हो वह मन, वाणी और कर्म से उनका वरण करेंगे। गुरु भक्ति का अर्थ अपने को गुरु में तल्लीन कर देना। दूसरे पैदान पर महात्मा लोग होंगे। ये महात्मा लोग गेरूआ वस्त्र पहनेंगे। एक ही रंग में होगा जो दर्शाता है कि मेरा प्रेम गुरु में ही है। तीसरा स्तर त्यागी भक्तों का होता हैजो गृह त्याग कर चुके होते हैं और सन्यासी महात्मा बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। चौथी स्तर पर गृहस्थी भक्तों का होता है जो समय -समय पर आश्रम जाते रहते हैं।

साल में गुरु पूर्णिमा, दिवाली, होली सहित प्रमुख अवसरों पर जो भी महात्मा बनना चाहता है उसकी अर्जी अगर वर्तमान स्वामी जी स्वीकार कर लेते हैं तो उन्हें भेष दिया जाता है, महात्मा बनाया जाता है। यह सनातन पद्धति की सर्वोच्च परम्परा है जो आज भी ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में सुशाभित है। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि उन्होंने सात दशक तक भक्ति के प्रसार के लिये जिन विपरीत स्थितियों में कार्य किया वैसा उदाहरण विरले मिलता है।

वर्तमान में ब्रह्म विद्यालय आश्रम झारखंड में रांची, बोकारो, पाकुड़,जमशेदपुर और गढ़वा में स्थित है। लगभग सौ आश्रम दिल्ली, इलाहाबाद, पटना, पूणे, अहमदाबाद, भोपाल, बनारस, कोलकाता, आसानसोल, बंगलूरू, जयपुर और नेपाल के काठमांडू में स्थित है। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस समयानुसार हर आश्रम में जाकर भक्तों के साथ सतसंग करते हैं। 15 सितंबर तक वे रांची बसारगढ़ आश्रम में प्रवास कर रहें है जहां रामनवमी के अगले दिन हर वर्ष पधार कर धरा को धन्य करते हैं।

## खास बात

# पशुपालन लाभदायक बने

**कुलभूषण उपमन्यु**

**भारत** में गाय और भैंस की कुल संख्या करीब 30 करोड़ है। 12 किलोग्राम प्रति पशु की दर से प्रतिदिन 360 करोड़ किलोग्राम गोबर पैदा होता है। एक किलोग्राम बायो गैस बनाने के लिए 20 किलोग्राम गोबर चाहिए। इसका अर्थ हुआ 18 करोड़ किलोग्राम गैस प्रति दिन। इसे सिलेंडर में भरें तो एक करोड़ बीस लाख सिलेंडर रोज की क्षमता देश में है। यदि इस संसाधन को पूरी तरह से प्रयोग करने की क्षमता हासिल कर ली जाए तो देश की 50 फीसद ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए सारी तकनीक तो उपलब्ध ही है। केवल दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जुट जाने की बात है। गोबर गैस बनाने के दोहरे फायदे हैं। एक तो ऊर्जा पैदा होगी, जो हमारी खनिज तेल पर निर्भरता को कम करेगी। दूसरा बढ़िया खाद भी प्राप्त होगी, किसान को नकद लाभ होगा और खनिज तेल का उपयोग कम होने से वायु प्रदूषण भी कम होगा। इतने बड़े संसाधन के होते हुए इसकी अनदेखी करना ठीक नहीं। इस संसाधन के दोहन से कितने ही रोजगार भी पैदा होंगे। इसी तरह गोमूत्र का दवाई के लिए उपयोग करके भी किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है।

आजकल गोबर से अन्य कई तरह के उत्पाद बनाने का भी चलन तेज हुआ है। गोबर से कागज बनाया जा रहा है। जो अच्छी गुणवत्ता का है और कागज बनाने की प्रक्रिया के बाद बचे अवशेषों से खाद बनाई जा सकती है। इससे भी पेड़ बिना काटे कागज उत्पादन करके पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। गोबर से थोड़ी मिट्टी मिलाकर बढ़िया गमले, दीये आदि भी बनाए जा रहे हैं। इसके लिए लघु मशीनें भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा गो काष्ठ का भी उत्पादन लाभदायक हो सकता है।

इसके लिए अलग-अलग डाई से गोल या चौकोर गोबर की लकड़ियां बनाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इन लकड़ियों का प्रयोग हवन और शवदाह के लिए करने का चलन बढ़ रहा है। ये लकड़ियां बनाने की मशीन भी उपलब्ध है जो दबाव से एक सिरे से गोबर डाल कर दूसरे सिरे से लकड़ी निकालती है।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**कठोपनिषद** में इसे श्रेय और प्रेय कहा गया है। श्रेय की खोज का नतीजा स्थायी होता है। यह खोज ही नचिकेता की है। प्रेय केवल कुछ वक्त तक रहकर नष्ट हो जाता है। हममें से ज्यादातर लोग हालांकि इसी तुरंता या दिखावटी संसार को गढ़ने में लगे रहते हैं। कठोपनिषद हमें चिरस्थायी समाधानों के लिए उकसाता है।

स्थायी समाधान हमारी सोच से पैदा होते हैं। जब नचिकेता को श्राप देने के बाद वाजश्रवा दुख से उठ नहीं पा रहे थे, तब बालक नचिकेता ने जो उनसे कहा, वह गौर करने लायक है। नचिकेता कहता है, ह्यमेरे पहले अनेक गए हैं। मेरे बाद भी बहुत-से लोग जाएंगे। मैं अकेला नहीं यमराज के पास जा रहा हूं। यम के पास जाकर वह मृत्यु की तरफ से जीवन की ओर देखता है। आपको ध्यान होगा कि नचिकेता ने पहला वरदान ही पिता के पास यानी जीवन में वापसी का मांगा है।

कुंवर नारायण इस जगह जीवन का एक दृष्टिकोण पाते हैं। वह लिखते हैं, ह्यमृत्यु के चिंतन से जीवन के प्रति निराशा ही पैदा हो, ऐसा कतई जरूरी नहीं- कोई मौलिक दृष्टिकोण भी जन्म पा सकता है।


**अमर-घुट्टी है सदा के लिए**

क्या है वह दृष्टिकोण? इसका जवाब भी कठोपनिषद में है। लेकिन पहले हम इस सच को स्वीकार करना सीखें कि हम सब जन्म के बाद से ही अपनी काया में अपनी मृत्यु भी लिए-लिए फिरते हैं। कइयों को एक उम्र के बाद मृत्यु-भय घेर लेता है।

**महंगाई** कम होगी भी कैसे,
जनता का दर्द दिखेगा भी कैसे!
सरकार का पूरा ध्यान अडानी की आमदनी बढ़ाने
और उसे जांच से बचाने पर जो है।
**–राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**महान संत**, सिख पंथ के नौवें गुरु, मानवीय मूल्यों तथा धर्म के रक्षक, 'हिन्द दी चादर' गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त प्रदेश वासियों व श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई!
**– योगी आदित्यनाथ**





**राहुल** जी इटली गये वहाँ की पीएम ने भी तारीफ की,घर में गुलाम नबी जी शरद पवार जी सहमत नहीं हैं। इस भरी दुनिया में,कोई भी हमारा न हुआ,
गैर तो गैर थे,
अपनों का सहारा ना हुआ।
**– सुधांशु त्रिवेदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

ग्लोबल वार्मिंग...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

# फिजिक्सवाला ने राजधानी में विद्यापीठ का शुभारंभ किया

**संस्थान** सभी छात्रों को उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना समान अवसर प्रदान करने की पीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को पूरा करता है

रांची , 11, अप्रैल, 2023ः पीडब्लू (फिजिक्स वाला),भारत के सबसे किफायती और पसंदीदा एडटेक प्लेटफॉर्म ने आज रांची में अपना विद्यापीठ केंद्र लॉन्च किया। रांची से पहले संस्थान ने जयपुर, सिलीगुड़ी, सूरत, ठरढ दिल्ली, अहमदाबाद और भुवनेश्वर में भी एक-एक विद्यापीठ खोला है। रांची केंद्र का उद्घाटन श्रीमती महुआ मजी, संसद सदस्य, राज्य सभा, भारत सरकार, ने किया था। यह एडटेक स्टार्टअप पहले से ही देश भर के विभिन्न शहरों में 11 विद्यापीठ केंद्र चला रहा है और इन नए उद्घाटनों के साथ यह छात्रों के लिए विकल्पों की व्यापक रेंज को जोड़ने जा रहा है, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अपने शहर को छोड़ना न पड़े। विद्यापीठ केंद्र भारत के अग्रणी प्रौद्योगिकी-सक्षम ऑफलाइन कोचिंग संस्थान हैं, जिनमें अभिभावक-छात्र डैशबोर्ड, वीडियो समाधान और 3डी मॉडलिंग जैसी सुविधाएं हैं, जिनमें अनुभवी शिक्षक अग्रणी हैं।

अब एक प्रौद्योगिकी-सक्षम पीडब्ल्यू विद्यापीठ से लाभान्वित होगा रांची ० अपने छात्रों को उनकी आगामी जेईई/नीट परीक्षाओं के लिए सर्वोत्तम संभव सीखने का अनुभव प्रदान करेगा।

निखिलेश वर्मा, केंद्र प्रमुख, पीडब्लू विद्यापीठ, रांची ने कहाः हम पीडब्लू में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। विद्यापीठ के साथ हमारा उद्देश्य

## शिक्षा



शिक्षा को सुखद और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है। इसलिए हम छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेस जैसी बेहतरीन सुविधाएं लाने के लिए समर्पित हैं, जिन्हें ऐप पर देखा जा सकता है। हम 10 से अधिक वर्षों के अनुभव और महान विशेषज्ञता के साथ सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी लाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ।

अमित कुमार गुप्ता, बिजनेस हेड, पीडब्लू विद्यापीठ, रांची के ने कहा,विद्यापीठ एडटेक क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है। यह हर जगह हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का जवाब है। हम विद्यापीठ में प्रतिदिन 15 घंटे से अधिक समय तक समर्थन की पेशकश करेंगे। छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। ढह ऐप के माध्यम से हमारे प्रधान कार्यालय में किसी भी मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए।

पीडब्लू छात्रों को देशभर में सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाईब्रिड क्लास देने के लिए जाना जाता है। आसानी से समझ में आने वाले और आकर्षक वीडियो व्याख्यान के साथ, पीडब्लू सुनिश्चित करता है कि उसके छात्रों को विषय की ठोस समझ मिले। पीडब्ल्यू की अनुभवी और समर्पित फैकल्टी इस प्लेटफॉर्म को सबसे अलग बनाती है। एडटेक कंपनी की योजना सिर्फ उत्तर भारत में ही नहीं बल्कि देश के हर हिस्से में विद्यापीठ खोलने की है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए, ढहरअळ (ढह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट), सभी विद्यापीठ केंद्रों के ढह कक्षा कार्यक्रमों में 90% तक स्कॉलरशिप प्रदान करता है।

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर रही हैं।

**– रविकांत सिंह, रांची**

### टीके से सुरक्षा

**कोरोना** संक्रमण के मामलों में आ रही तेजी बेहद चिंताजनक है। केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर समुचित कदम उठा रही हैं, लेकिन महामारी की रोकथाम में हर नागरिक को भी अपना योगदान देना होगा। कुछ लोग टीका लगवाने में हिचकिचा रहे हैं। झारखंड से 50 हजार टीके की मांग स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केन्द्र से की है। इसे तेजी से दिया जाए।

**–नितेश कुमार, हजारीबाग**

# बांग्लादेश: दुनिया की दर्जी बना पाई समृद्धि

**टीएस नाइनन**

**बीते** एक दशक में बांग्लादेश ने दक्षिण एशिया में बेहतरीन आर्थिक प्रदर्शन करने वाले देश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। उसकी प्रतिव्यक्ति आय और आर्थिक वृद्धि दर भारत से तेज है, असमानता भारत से कम है और कुछ सामाजिक संकेतकों पर उसका प्रदर्शन हमसे बेहतर है। बतौर आजाद मुल्क उसके पास स्वर्ण जयंती का जश्न मनाने की पर्याप्त वजह है।

सन 1971 से अबतक वहां जो बदलाव आया है उसे साफ महसूस किया जा सकता है। आजादी के बाद आरंभिक वर्षों में उसे देश के जीडीपी के सातवें हिस्से के बराबर विदेशी सहायता मिलती थी। अब यह दो फीसदी से भी कम रह गई है। अब वह किसिंजर के शब्दों वाला 'बास्केट केस' (कमजोर आर्थिक स्थिति वाला देश जो अपने कर्ज चुकाने की स्थिति में भी न हो) कतई नहीं रह गया है।

राजकोषीय घाटा, वाणिज्यिक व्यापार संतुलन और रोजगार (खासकर महिलाओं के मामले में) के क्षेत्र में बांग्लादेश भारत से बेहतर स्थिति में है। जीडीपी की तुलना में सार्वजनिक ऋण और निवेश के अनुपातों में भी वह भारत से अच्छी हालत में है। उसके जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी भी भारत से अधिक है। वर्ष 2011 से 2019 के बीच उसका वाणिज्यिक निर्यात 8.6 फीसदी की दर से बढ़ा जबकि भारत का महज 0.9 फीसदी की दर से।

बीते पांच दशक में बांग्लादेश का प्रदर्शन भारत से बेहतर तो रहा ही, उसने पाकिस्तान को भी हर मोर्चे पर बुरी तरह पीछे छोड़ दिया। फिर चाहे मामला जनांकीय (पाकिस्तान की आबादी अब काफी अधिक है) हो, आर्थिक हो, साामजिक संकेतकों का हो या लोकतांत्रिक मूल्यों का, बांग्लादेश हर क्षेत्र में आगे है।

उदाहरण के लिए शिशु मृत्यु दर की बात करें तो पाकिस्तान के आंकड़े, बांग्लादेश से दोगुना हैं। सन 1971 में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई के समय आरोप यही था कि पंजाब के दबदबे वाले पश्चिमी पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान को एक आंतरिक उपनिवेश बना दिया था, यह बात आगे चलकर प्रमाणित हुई।अब बांग्लादेश के सामने नई चुनौतियां हैं।

उसका दर्जा अल्पविकसित देश से विकासशील देश का हो चुका है और ऐसे में उसे व्यापार और शुल्क के क्षेत्र में मिल रहे लाभ गंवाने पड़ सकते हैं। पहली श्रेणी में उसे कई अमीर देशों के बाजार में शुल्क मुक्त और कोटा मुक्त पहुंच मिलती है। इनमें यूरोपीय संघ महत्त्वपूर्ण है। अब वह बांग्लादेश पर विकासशील देशों वाले मानक लागू करने की प्रक्रिया में है। यानी बांग्लादेश से यूरोपीय संघ को होने वाले निर्यात पर नए शुल्क तो लगेंगे ही निर्यात में प्राथमिकता दिलाने वाले जनरलाज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेज (जीएसपी) में उसकी पहुंच भी सीमित होगी। बांग्लादेश के निर्यात का 60 फीसदी यूरोपीय संघ को जाता है और उसके कुल निर्यात में 80 फीसदी से अधिक कपड़ा और वस्त्र हैं।

एक बाजार-एक उत्पाद की इस विशेषज्ञता के अपने जोखिम हैं और वृद्धि बरकरार रखने के लिए उसे यह निर्भरता कम करनी होगी। मानव विकास सूचकांकों की बात करें तो उसने भारत को कई अहम सूचकांकों में पछाड़ा है लेकिन मामला एकतरफा नहीं है। कुछ क्षेत्रों में अंतर बहुत कम है और दोनों का प्रदर्शन वैश्विक औसत से बेहतर रहा है। लेकिन इस बात पर सकून नहीं पा सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### माधव प्रताप सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : कजरू साव

**बड़कागांव।** हजारीबाग कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कजरू साव ने कहा कि राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाध्यापक बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत अंबाजीत निवासी 91 वर्षीय माधव प्रताप सिंह की आकस्मिक निधन से पूरे हजारीबाग में शोक की लहर है। पूरे प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में इनकी विशिष्ट पहचान थी ।शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए हैं जो जनहित में हमेशा याद किया जाएगा। मेरा घर स्कूल से नजदीक होने के कारण उनके जीवन शैली को मैं बचपन से देखा हूं और हाई स्कूल में पढ़ाई के समय महान नाटककार विलियम शेक्सपियर की कहानियां उनके मुखारबिंद से सुना हूं। मैं कांग्रेस पार्टी और अपनी ओर से गुरु जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### खिलाड़ियों के बीच किट वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मुख्यमंत्री फुटबॉल आमंत्रण प्रतियोगिता के तहत सौंदा डी पंचायत के जयनगर मैदान में खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया गया। फुटबॉल किट का वितरण पतरातु प्रखंड विकास पदाधिकारी हरीनाथ महतो, पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडे, प्रधान सहायक चितरंजन कुमार, पंचायत सेवक नरेश हजाम, नाजिर दीपक दास ने किया। मौके पर बीडीओ हरीनाथ महतो ने कहा कि प्रखंड के खिलाड़ियों को खेलने के लिए और प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। मौके पर लक्की, प्रेमदीप कुमार, रोहित कुमार सिंह, रोहित कुमार मुंडा, निखिल कुमार, प्रवीण नायक, प्रदीप दास, रोशन चौधरी, कल्लू राम, धीरज कुमार, चंदन कुमारआदि खिलाड़ी मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में स्कूली बच्चे की मौत

**रजरप्पा ।** चितरपुर के मारंगमरचा गांव में सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। बताया गया कि मागरमरचा निवासी छात्र रवि कुमार, पिता जगदीश महतो, राधा कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा सात का छात्र था। वह सुबह आठ बजे अपने घर से साईकिल से स्कूल जा रहा था। इसी बीच रामगढ़-बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 के चितरपुर के मरंगमरचा गांव के समीप ही एक एलपी ट्रक के चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़-बोकारो मार्ग को जाम कर दिया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनन्दन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दुर्घटना के कारण रामगढ़-बोकारो मार्ग लगभग 3 घंटे तक बाधित रहा। जिला प्रशासन और पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम हटाया।

### पूर्व मुखिया के खेत में लगी आग

**भुरकुंडा( रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत खेत में आग लग गई। घटना से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार महुआ टोला चौकियाटांड़ में मंगलवार को पूर्व मुखिया जगदीश बेदिया के खेत में अचानक आग लग गई। जिससे खेत में लगे फसल, सूखे पेड़-पौधे, मोटर व पानी के पाइप जल कर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि आसपास के कई एकड़ खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की तत्परता से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया।

### 15 अप्रैल को कांग्रेस का सत्याग्रह



**रामगढ़।** राहुल गांधी के साथ हो रहे बर्ताव के मुद्दे पर 15 अप्रैल को पार्टी विशाल सत्याग्रह ऑफिसर्स क्लब रजरप्पा 1:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राजेश ठाकुर सहित कई मंत्री ,विधायक, पूर्व विधायक ,पूर्व मंत्री, सांसद शामिल होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 11 अप्रैल को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में होटल लॉ मेरिटल के सभागार में बैठक आयोजित की गई । बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम ने सभी प्रखंड अध्यक्ष, महिला मोर्चा सहित सभी शाखाओं के पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेगा । कहा कि सत्याग्रह द्वारा हम यह संदेश देंगे की राहुल गांधी एक आंधी हैं। उनके साथ पूरे देश वासियों के साथ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता साथ खड़ा है ।

### ज्योतिबा फुले की मनी जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौंदा स्थित माली मालाकार कल्याण समिति के जिला सचिव उदय मालाकार के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले का 196वां जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का भी आहवान किया गया। मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न से नवाजा जाए इसके लिए पहल करें। 19वीं सदी के जन महानायक महान समाज सुधारक के मरणोपरांत तो सम्मान मिलना ही चाहिए। ऐसा होने से समाज सदैव आपसबों का शुक्रगुजार रहेगी। मौके पर माली मालाकार कल्याण समिति के जिला सचिव उदय मालाकार, धनंजय कुमार मालाकार, रामपाल मालाकार, नंदू मालाकार, गौतम मालाकार, प्रिंस कुमार मालाकार, सौरभ कुमार मालाकार सहित कई लोग मौजूद थे।

# कोयला तस्करों ने किया रेंजर पर हमला

## बाल-बाल बचे रेंजर, दो घंटे बाद पहुंची चरही पुलिस

- जान बचाकर भागे वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी
- अवैध कोयले से लोड पिकअप ले भागे महिला तस्कर के गुर्गे
- टास्क फोर्स की उड़ी धज्जियां कोयला तस्करी चरम पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही(हजारीबाग)।** कोयला तस्कर जिला प्रशासन के लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। चरही में कोयला तस्करी चरम पर है। इस बात की जानकारी जिला प्रशासन के अधिकारियों को बखूबी है। ढीली-ढाली कार्रवाई और कुछ थाने के लोगो की मिलीभगत से इसपर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है। इस बात का खामियाजा ईमानदार अधिकारियो को उठाना पड़ रहा है।

कोयला तस्कर इतने बेखौफ और निडर हैं की वे कार्रवाई करने पहुंचे अफसरों की मारकुटाई से भी गुरेज नहीं कर रहे। इस क्रम में चरही थाना क्षेत्र के इंद्रा में अवैध कोयला तस्करी किये जाने की गुप्त सूचना रामगढ़ डीएफओ नितेश कुमार को मिली थी ।जिसको लेकर अपने विभाग में छापामारी अभियान चलाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया ।डीएफओ श्री कुमार सोमवार रात 9 बजे रात अपने दल-बल के साथ इंद्रा पहुंचे ।जिसमें वन विभाग के कुजू रेंजर केदार राम,मांडू रेंजर विनोद नंद राय और वनरक्षी दल-बल के साथ थे। विभाग की वाहन को देख महिला कोयला तस्कर किरण देवी और जसीम खान ने अपने गुर्गों को सतर्क कर दिया ।विभाग के वाहन तस्करी के अड्डे पर पहुंचे ।वहां पर कोयले से लदे एक पिकअप वाहन को धरदबोचा गया। जब अधिकारी वाहन को लेकर




मांडू रेंजर का क्षतिग्रस्त वाहन ।

वहा से निकले की उसी वक़्त तस्करो के गुर्गों ने अधिकारियों पर पत्थराव कर दिया। मांडू रेंजर की ओमनी कार नंबर जेएच 01सीके/3132 के शीशे को तोड़ डाले तथा लाठी-डंडे से क्षतिग्रस्त भी कर दिया ।इतना ही नहीं डीएफओ के चालक छोटे लाल के आंख और मुंह पर मिर्ची के पाउडर भी डाला गया ।वहां से विभाग के अधिकारी, और वनरक्षी अपनी जान बचाते हुए भागे।

इस घटनाक्रम की जानकारी डीएफओ ने चरही थाना प्रभारी और हजारीबाग एसपी को दिया ।जब काफी देर हो गई तो इस मामले की सूचना सदर एसडीओ को दिया गया ।चुरचू सीओ शशि भूषण सिंह को घटना स्थल पर भेजा गया ।सीओ ने चरही थाना प्रभारी को तत्काल फोर्स मुहैया कराने का निर्देश दिया। घटना के दो घण्टे बाद पुलिस को घटना स्थल पर भेजा गया ।सीओ श्री सिंह के नेतृत्व में वन विभाग अधिकारी,पदाधिकारी और पुलिस सअनि सुरेंद्र कुमार और बैजनाथ महतो अपने दल-बल के साथ पुनः घटना स्थल पर पहुंचे ।पकड़े गए वाहन को कोयला तस्कर लेकर फरार होने में सफल रहे ।उपरोक्त विभाग के लोगों ने स्थल पर भंडारण किये गए कोयले को जब्त किया ।लेकिन रात काफी हो जाने के कारण कोई लोडर और ट्रक नहीं मिल पाने के कारण जब्त कोयले को उठाया नहीं जा सका।

### क्या कहते हैं डीएफओ

डीएफओ नितेश कुमार ने कहा कि टास्क फोर्स गठन होने के बावजूद भी कोयला, तस्करी,बालू तस्करी, लकड़ी तस्करी तथा अन्य खनिज संपदा की तस्करी को रोकने में असफल होना पड़ रहा है ।इसका कारण है कि विभाग के पास संसाधन नहीं है। साथ ही कुछ ऐसे विभाग हैं जिनसे तत्काल मदद नहीं मिल पाती है। जिस कारण तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

# बालू की कमी से घरों का काम ठप

## केरेडारी प्रमुख के आवास का ग्रामीणों ने किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के सभी पंचायत में बालू नदी से ना मिलने के कारण पिछले एक महीनों से आधा अधूरा काम बंद है ।जिससे प्रखंड के ग्रामीणों को खास परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सलगा के राजेश साव ने बताया कि बालू न मिलने के कारण इंदिरा आवास का कार्य सेटरिंग करके छोड़ दिए है। दिनेश भुइया बताते हैं कि अपने से निजी घर बना रहे है लेकिन बालू के चलते घर आधा अधूरा पड़ा हुआ है।

बासुदेव महतो ने बताया कि ब्लॉक द्वारा इंदिरा आवास मिला है बालू न मिलने के चलते नहीं बना पा रहे हैं और ब्लॉक से बार-बार आवास बनाने के लिए दबाव दिया जा रहा है। बेचन भुइयां बताते हैं कि बालू ना मिलने के कारण पीएम आवास नहीं बना पा रहे हैं इसका कारण है जो ट्रैक्टर बालू लेकर आती थी उसे ब्लॉक एवं थाना के द्वारा पकड़ लिया जा रहा है।



इसीलिए ट्रैक्टर वाले बालू लेकर आना नहीं चाहते हैं। केरेडारी प्रखंड में बालू को लेकर हाहाकार मची हुई है इसी को लेकर केरेडारी प्रखंड के ट्रैक्टर मालिकों एवं ग्रामीणों ने केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी के आवाज को घेराव किया ।

प्रमुख को ज्ञापन सौंपते हुए सभी ने कहा कि हम लोग को बालू लाने से प्रशासन के द्वारा गाड़ी थाना ले जाया जा रहा है। हम लोग इसी से तंग आकर पूरे प्रखंड के गाड़ी मालीकों ने निर्णय लिया कि जब तक हम लोग का समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक गाड़ी नहीं चलाएंगे।

केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने विश्वास दिलाया कि बहुत जल्द सभी नदियों का टेंडर करा कर नियमित रूप से रास्ता निकाला जाएगा । प्रखंड में हो रही समस्याओं में इंदिरा आवास निजी आवास या पशु सेठ जो बालू के चलते नहीं बन पा रही है वह फिर से सुचारू रूप से चालू किया जाएगा। मौके पर ट्रैक्टर मालिक एवं ग्रामीण में अर्जुन साव, पवन पांडे, मनीष कुमार, अनिल महतो, सोहन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड बचाओ प्रदर्शन में बरही के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में झारखंड से हेमंत हटाओ और झारखंड बचाओ रैली में सैकड़ों भाजपाई शामिल हुए। मालूम हो कि हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियां, लूट - खसोट एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल रैली और प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, जिसमे पूरे झारखंड से लाखो भाजपाई कार्यकर्ता शामिल होकर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बताया कि साढ़े 3 साल की वर्तमान झारखंड के जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी सरकार केवल लूट और झूठ की सरकार साबित हो रही है। ये गठबंधन की सरकार पूरी तरह विफल सरकार है। किसान मायूस हैं, युवा नाखुश है, महिलाएं अपने



आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं, ओबीसी वर्ग को केवल धोखा मिला है। पिछले साढ़े 3 सालों से विकास के संपूर्ण काम ठप्प पड़े हैं। मौके पर जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, विजय यादव, सकलदेव यादव, बिरेन्द्र रजक, रितेश गुप्ता, मनोज उपाध्याय, नागेश्वर रजक, अशोक यादव, सचिन यादव, मुन्ना यादव, नागेश्वर रजक, मनितोष यादव सहित सैकड़ों भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने समाहरणालय में दिया धरना

**रामगढ़।** रामगढ़ समाहरणालय के प्रांगण में मंगलवार को आलोक स्टील फैक्ट्री द्वारा प्रदूषण फैलाने के मुद्दे पर बूढ़ाखाप के ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। धरना प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहा कि उक्त फैक्ट्री द्वारा क्षेत्र में फैलाये जा रहे प्रदूषण से हमलोगों की फसल प्रभावित हो रही है। गांव में कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं। बच्चे विकलांग हो रहे हैं। इसके अलावे प्रदूषण के कारण हम सभी को कई अन्य तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि प्रशासन उक्त फैक्ट्री को अन्यत्र स्थानांतरिक करवाये। नही तो हम सबों को वह सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाये जिसके हम हकदार हैं। धरना के उपरांत ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में विनीता देवी, अनीता देवी ,बबीता देवी ,रेनू देवी, सीमा कुमारी ,उर्मिला देवी ,कौशल्या देवी, देवंती देवी आदि शामिल थे।

# धमना टोल प्लाजा के कर्मचारी हुए गोलबंद

## दो माह से कर्मियों को नहीं मिला है वेतन, भारतीय मजदूर संघ ने नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** टोल प्लाजा कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री बृजेश कुमार, जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला महामंत्री नीरज सिंह के साथ 9 सूत्री मांग को लेकर टोल प्लाजा अधिकारी अनुराग पांडे को मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में वेतन वृद्धि, वेतन पर्ची, दुर्घटना चिकित्सा स्वास्थ्य नीति, बोनस, छुट्टी,रात्रि ड्यूटी भत्ता भविष्य निधि, मेस एवं आराम हेतु आवास सहित नौ मांगों को लिखित रूप से दिया। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इसके पूर्व भी हम लोगों के द्वारा कंपनी को मांग पत्र दिया गया था परंतु



उन्होंने किसी तरह का कोई सकारात्मक बातें नहीं की। आज हम लोगों ने अपने मांग पत्र को पुनः सौंपकर 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। यदि 10 दिनों के अंदर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो हम लोग आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही कंपनी के ऊपर होगी। मांग पत्र सौंपने वालों में अध्यक्ष रामचंद्र साव, महामंत्री सतीश कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार ठाकुर, सचिव ओमप्रकाश विश्वकर्मा, उप सचिव चंदन कुमार रजक, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष एमडी मासूम, संजोजक आनंद सिंह, गुंजन सिंह, बीरेंद्र साव, अअमित सिंह सहित कई लोग सामिल थे।

### सरकार की बर्बर कार्रवाई की सदर विधायक ने की निंदा



**हजारीबाग।** मंगलवार को भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान झारखंड की बर्बर और दमनकारी सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठियां बरसाई जिससे कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हजारीबाग सदर के भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने गठबंधन सरकार की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए काकी हेमंत सरकार के पाप का भोजन झारखंड की जनता और नहीं सहेगी। जनता का विश्वास खो चुकी इस सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की किसानों और नौजवानों के भलाई के लिए भाजपा इस सरकार के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी।

# क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हमारा लक्ष्य : अंबा प्रसाद

### रसदा शिव मंदिर प्रांगण में कम्युनिटी हॉल का विधायक ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बासल ( रामगढ़)। बासल थाना क्षेत्र के रसदा शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में सोमवार को कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा अर्चना और सिलापट अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास की। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि यहां के ग्रामीणों की बहुत दिनों से मांग थी जिसे पूरा करते हुए पीभीयूएन को अनुशंसा की थी। इसके बाद इस पर लगातार जल्द से जल्द काम हो उसके के लिए हमेशा प्रखंड से लेकर जिला तक एनओसी करवाया, जिसका नतीजा है कि आज पीभीयूएन के सीएसआर मद के तहत इस कार्य का क्रियान्वयन 60 लाख रुपए की लागत से किया



जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पीभीयूएन के महाप्रबंधक निरज राय, सीएसआर हेड राजेश डुंगडुंग, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, संवेदक अरूण साव, योगेंद्र सिंह खरवार, संजय सिंह, बसंत साव, रोहित साव, रूपलाल साव, डोमन महतो, रवि साव, नन्दलाल महतो, लखन मुण्डा, नागेश्वर साव, सुभाष कुमार, राजेश्वर कुमार, सुरेश साव, अनिता देवी, ललीता देवी, रूपा देवी, निर्मला देवी, सरीता देवी, बब्लू कुमार, दिपक कुमार, प्रदीप साव, उमेश कुमार, राम लखन साव, रामशरण साव सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# कुशवाहा महासभा ने मनायी ज्योतिबा फुले की जयंती

### फुले ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए किया था संघर्ष : बबलू कुशवाहा

**खबर मंत्र संवाददाता**

बरहीः बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के पूर्व मुखिया एवं पूर्व प्रदेश संचालन सदस्य कुशवाहा विष्णुधारी महतो के आवासीय परिसर में बरसोत में महात्मा ज्योतिबा फुले जी का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा के नव नियुक्त संयोजक बबलू कुशवाहा का स्वागत किया गया और सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नव नियुक्त प्रदेश संयोजक बबलू कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला संगठन सचिव राजेश कुशवाहा थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने किया और मंच संचालन चौपारण प्रखंड अध्यक्ष सुखदेव दांगी ने किया ।कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक बबलू कुशवाहा ने ज्योतिबा फुले की जीवन पर आधारित कई बातों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का पूरा नाम ज्योतिराव गोविंदराव फुले था ।उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए



सतत संघर्ष किया. अछुतोद्वार, नारी-शिक्षा, विधवा विवाह और किसानो के हित के लिए ज्योतिबा ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि उनका बचपन बेहद गरीबी में गुजरा। उनका लालन पालन सगुनाबाई नामक एक दाई ने किया था ।उन्होंने समाज के लिए उलेखनीय कार्य किया था।

बबलू कुशवाहा ने युवाओं को आह्वाहन करते हुए कहा कि हमसभी को उनके बताए मार्गों का अनुकरण करना चाहिए ।साथ ही बेहद कठिन परिस्थिति के बावजूद समाज मे सपना अमूल्य समय देकर समाज को अच्छे मार्ग में लाने के लिए आमजनों से जुड़कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए। नवनियुक्त प्रदेश संयोजक बबलू कुशवाहा ने कहा कि हमें युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन कुशवाहा को बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कुशवाहा विष्णुधारी महतो, दामोदर महतो, नागदेव कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, राम प्रसाद कुशवाहा, किशोरी महतो, महादेव महतो, महेंद्र महतो, चंद्रिका महतो, प्रदीप कुशवाहा, संजय कुशवाहा, श्रीकांत कुमार, लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों कुशवाहा बंधु उपस्थित हुए।

## स्पीड न्यूज

### पांच दिनों से 15 वर्षीय किशोर लापता



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भौरो मलंगटोली निवासी लच्छू उरांव का पुत्र सूरज (15) पिछले पांच दिनों से लापता है। सूरज घर से रांची जाने के नाम से निकला था। पर वह न ही रांची पहुंचा न तो घर वापस आया। सूरज के पिता लच्छू उरांव ने मंगलवार को भंडरा थाने में गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया है। 5 फीट का गोरा लड़का सूरज काले रंग का टी शर्ट पहने हुए है। पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बसिया।** थाना क्षेत्र के सुकुरडा निवासी ललित कुजूर के पुत्र इमिल (17) ने अपने घर से करीब 500 मीटर दूर महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार अहले सुबह सुकुरडा के ग्रामीण महुआ चुनने निकले तो एक पेड़ में इमिल के शव को रस्सी के सहारे लटकता देखा। सूचना उसके घरवालों को दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मामले की तहकीकात में जुटी गयी।

### हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में मंगलवार को मुरकुंडा पुरनाटोली निवासी रूदन नायक के हत्या के आरोपी गुड्डू महतो को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। आरोपी को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्नी की राशि नहीं देने पर एक साल कठोर कारावास की सजा भुगताना पड़ सकता है। धारा 325/ 34 के तहत चार साल की सजा व पांच हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं धारा 341/ 34 के तहत एक माह का सजा सुनाया गया।

### भंडरा पुलिस ने की सघन वाहन चेकिंग



**भंडरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार व एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को भंडरा थाना पुलिस ने चट्टी पिकेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसमें गाड़ियों के कागजात की गहन जांच के अलावा आर्म्स, हेलमेट एवं मास्क आदि की भी जांच थाना के पुलिस जवानों ने की। बिना हेलमेट एवं मास्क वाले दर्जनों वाहन चालक को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

### सेन्हा थाना के समीप हुई वाहन जांच



**सेन्हा-लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रांची में सचिवालय घेराव रैली को लेकर सेन्हा थाना के समीप प्रशासन ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से पूर्व निधारित तिथि के अनुसार भाजपा द्वारा रांची में सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड व प्रखंड के अलावे गुमला जिला के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से भाजपा पार्टी कार्यकर्ता का रांची रैली प्रस्थान किया जाना था। जिसको लेकर सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

### डायन बिसाही : भतीजा ने चाची को काट डाला



**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के अकाशी करंज टोली गांव में भतीजा ने डायन बिसाही की आशंका में अपनी चाची कृपा एक्का (55) की टांगी से मारकर हत्या कर दी। उक्त मामले में मृतका के पति तिनतुस एक्का ने डुमरी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त चेतन एक्का पिता विक्टोर एक्का को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। वहीं अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद कर लिया।

### लायंस क्लब गुमला को जमशेदपुर में मिला बैनर प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार



**गुमला।** लायंस इंटरनेशनल ने जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय जिला अधिवेशन में लायंस क्लब ऑफ गुमला को बैनर प्रेजेंटेशन में प्रथम और फोटोग्राफी कंटेस्ट में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अधिवेशन में झारखंड और बिहार के 30 राजस्व जिले के लगभग 85 क्लब के 500 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ला. विष्णु बजोरिया थे। जिला 322 ए के जिलापाल ला. विवेक चौधरी एवं अधिवेशन के चेयरपर्सन राहुल वर्मा उप जिलापाल कमल जैन और द्वितीय उप जिलापाल सीमा बाजपाई भी थे।

### हंसा परियोजना से ग्रामीणों की जीविका में सुधार कर पलायन रोक सकते हैं : महेंद्र



**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर ने मंगलवार को झारखंड हाई इंपैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना के अंतर्गत नवचयनित पंचायत प्रतिनिधियों एवं मनरेगा कर्मियों हेतु प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला प्रखंड सभागार में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना (जीवी दा: हासा) झारखंड सरकार एवं भारत रूरल लिवेलिहूड्स फाउंडेशन नई दिल्ली की एक मत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से हम न सिर्फ अपने गांव का विकास कर सकते है अपितु इसके साथ साथ पर्यावरण सुरक्षा, जल संरक्षण, मिट्टी का कटाव रोक सकते है। साथ ही ग्रामीणों के आजीविका में भी वृद्धि करके पलायन को रोक सकते है। बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि जीवी दा: हासा परियोजना अपने प्रखंड में पिछले दो सालो से चल रहा है। जिसमें विकास भारती बिशुनपुर की टीम ने 35 गांव का डीपीआर तैयार किया है और हमारे सहयोगी (मनरेगा) की तरह काम कर रहा है। जिसने नियोजन की प्रकिया में तकनीकी का इस्तेमाल करके जीआईएस आधारित डीपीआर तैयार किया।

# प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना ही अधूरी है : सांसद

- सरहुल की सादगी व सांस्कृतिक महत्व को संजोकर रखने की जरूरत : शिव कुमार
- घाघरा प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव, मांदर की थाप पर झूमे युवा
- पहान पुजारों ने की झखरा कुंबा में पूजा, खोड़हा दलों को सरहुल संचालन समिति ने किया पुरस्कृत





सरहुल शोभायात्रा में नृत्य करतीं युवतियां और सरहुल शोभयात्रा का नेतृत्व करते सरहुल संचालन समिति के पदाधिकारी व अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड सरहुल पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पहान पुजार ने झखरा कुंभा में पूजा अर्चना की। जिसके उपरांत प्रखंड क्षेत्र से लगभग 200 खोड़हा दल झखरा कुंभा से पारंपरिक वेशभूषा के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाला।

सरहुल शोभयात्रा में मांदर की थाप पर युवक-युवतियां झूमते नजर आये। वहीं शोभायात्रा में शामिल खोड़हा दल अपने-अपने दल का नृत्य गान करते चांदनी चौक, ब्लॉक चौक होते हुए करम डीपा कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां अतिथियों के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि प्राकृति का पर्व सरहुल हमें पयार्वरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक के बिना जीवन की कल्यपना नहीं की जा सकती है। प्राकृति हमें सब कुछ प्रदान करते हैं। जिसे हमारा जीविकोपार्जन होता है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि सरहुल पर्व की सादगी और सांस्कृतिक महत्व को बचाकर रखना है। जिस तरह प्रकृतिक सभी को जोड़ कर रखती है यह मंच की खासियत है कि सभी को जोड़ कर रखा जा रहा है। भाजपा नेता अशोक उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल प्राकृतिक पर्व में प्राकृतिक की पूजा करने के साथ ही हम आदिवासी भाई-बहन पूरे विश्व में शांति की दुआ करते हैं। प्रकृति से ही पूरा विश्व सुरक्षित है। हमारे संस्कृति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी लोग पूजा करते हैं। यह है सरहुल की विशेषता। अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि विश्व प्रकृति से चल रहा है। इस संस्कृति को बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है। युवाओं को नशा पान छोड़ समाज के लिए आगे आने की बात कही। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा ना केवल आदिवासी समाज को बल्कि सभी समाज के लोगों को प्रकृतिक पर्व सरहुल को शांति पूर्ण ढंग मनाना चाहिए। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों के द्वारा खोड़हा दलों के लिए रास्ते पर जलपान की व्यवस्था की गई। सरना संचालन समिति के द्वारा प्रत्येक खोड़हा दल को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपहार के तौर पर नगाड़ा, डेग व ड्राम सहित कई सामग्री प्रदान किया गया। विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार के अलावे थाना की पूरी टीम रास्ते पर तैनात नजर आयी।

**ये भी थे उपस्थित :** कार्यक्रम में बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, सीओ धनंजय पाठक, रविंद्र भगत, शिवकुमार भगत (टुनटुन), अशोक उरांव, आलोक उरांव, बॉबी भगत, सतवंती देवी, सबिता देवी, अनिरुद्ध चौबे, अमित भगत, कृष्णा लोहरा, रविंद्र भगत, रवि पहान, अनिल उरांव, मंती उरांव, सुनीता भगत, आदित्य भगत, झरी उरांव, संजय सिंह, अमित नाग, अरुण पांडे, सतीश प्रसाद, संजीव उरांव, संतोष गुप्ता, अमित ठाकुर, अजय जयसवाल, रमेश गुप्ता, कुमार अनिल, रमेश यादव, कार्तिक उरांव, शंभु साहू, कौशल किशोर सिंह, राजकुमार उरांव, उमेश उरांव, निर्मल भगत, लालदेव भगत, भीम यादव, रेणुका उरांव, देवानंद कुमार सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# बस से 24 किलो गांजा के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

- एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को मिली सफलता
- एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी



बरामद गांजा व गिरफ्तार तस्करों के साथ एसडीपीओ व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बसिया पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच के क्रम में एंजल नामक यात्री बस से 24 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

एसडीपीओ बिकास आनंद लागुरी ने मंगलवार को बसिया थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर थाना चौक पर वाहनों का एंटी क्राइम जांच की जा रही थी। इसी क्रम में सिमडेगा से रांची जाने वाले एंजल नामक यात्री बस में जांच के क्रम में बस में एक संदिग्ध बैग दिखा।

यात्रियों से जब इस बैग के बारे में पूछताछ की गयी तो किसी ने भी उस बैग को अपना नहीं बताया। इस स्थिति में पुलिस को शक हुआ तो बैग खोलकर समान की जांच की गयी। इस क्रम में कुछ कपड़ों के अंदर छिपा कर रखे गए गांजा का एक पैकेट नजर आने लगा।

पुलिस ने बस से 6-6 किलो के दो थैला एवम दो बेग में गांजा बरामद किया। जिसके बाद अंचल अधिकारी रबींद्र पांडेय एवं थानेदार छोटू उरांव के द्वारा 24 किलो गांजा, दो मोबाइल एवम दो तस्कर राजेन्द्र चौधरी ग्राम अरक थाना कृष्णब्रह्म जिला बक्सर बिहार एवम सरोज कुमार यादव ग्राम भोजपुर थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार किया। इस अभियान में थानेदार छोटू उरांव, एसआई पायल कुमारी, मंटू कुमार, घनश्याम कुमार, भानु कुमार भारती, बुद्धदेव उरांव के अलावे सशस्त्र बल के जवान जगदीश मंडल, प्रकाश यादव एवं गोपी कांत महतो शामिल थे।

### अभाविप के जागरूकता कार्यक्रम में किरण पंडित ने कहा

# शोषण के खिलाफ आवाज जरूर उठायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा मंगलवार को छात्रा, महिला जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्रा, महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोहरदगा टाउन महिला थाना प्रभारी किरण पण्डित द्वारा छात्रा स्वास्थ्य को महिला सुरक्षा से जोड़ते हुए इस विषय पर प्रकाश डाला।

छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्राओं से कहा कि जब कोई युवक उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो छात्राएं इस बात का विरोध करें उनके खिलाफ आवाज उठाएं उनके बातों को सहन ना करें इससे महिलाओं का शोषण में कमी आयेगी। उन्होंने मोबाइल का उपयोग शिक्षा के लिए कैसे करें इसके लिए भी छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही बताया कि आज के समय में शिक्षा ही जरूरी है और शिक्षा नहीं तो कुछ भी नहीं है और महिला सशक्तिकरण पर जोर डाला और कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है उन्होंने हमारे देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के जीवनी पर भी प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित भी की। मौके पर ज्ञान कोचिंग सेंटर के संचालक ज्ञान मुंडा ने छात्राओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूक किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख छवि सिंह ने कहा कि अपने जीवन में सही तरह से लाइफ जीने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विभाग संयोजक अंकित कुमार, जिला संयोजक सीताराम उराव, कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रिया कुमारी, मौषमी कुमारी, संस्कृति कुमारी, बसंती कुमारी निधि, बखला, बीजो बखला आदि उपस्थित थे।

# मिलकर पढ़ाई करने से बेहतर बनता है हर विद्यार्थी : उपायुक्त

- धूमधाम से मनाया गया जेएनवी जोगना का वार्षिकोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा/ लोहरदगा।** जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में वार्षिकोत्सव के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण उपस्थित हुए। जिन्हें विद्यालय के एनसीसी व स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं ने पूरे सम्मान व गर्मजोशी के साथ विद्यालय सभागार स्थित कार्यक्रम स्थल तक लाया, जहां बुक्के देकर जेएनवी के प्रधानाचार्य ने स्वागत किया। जिसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी व प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सहित अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गान से लेकर देशभक्ति व झारखंडी परम्परा को संगीत के माध्यम से पेश किया गया।

# चिकित्सीय लापरवाही के कारण हुई मनोज उरांव की मौत : मिशन बदलाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मनोज उरांव की मौत पर सिविल सर्जन से मिले मिशन बदलाव के सदस्य, कहा- लापरवाही से गयी जान



**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के बटकुरी गांव निवासी मनोज उरांव के सदर अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से हुए मौत मामले को लेकर मंगलवार को मिशन बदलाव के सदस्यों ने सिविल सर्जन राजू कच्छप से मुलाकात की। मिशन बदलाव के जीतेश मिंज और रामलखन गोप ने सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपा और कहा कि मरीज गंभीर रूप से बीमार था तो उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स क्यों नहीं रेफर किया गया। जबकि चिकित्सकों ने इलाज के क्रम में मरीज के ठीक होने की बात कही और उसे घर भेज रहे थे। फिर अचानक मरीज की स्थिति गम्भीर हो जाता है और मृत्यु हो जाती है। मनोज उरांव 8 अप्रैल 2023 को मिर्गी जैसे बीमारी से मूर्क्षित हो गया था। इसी दौरान उसका जीभ दांतों से हल्का कट गई थी। उस दिन से ठीक से खाना नहीं खा रहा था। 9 अप्रैल को कुछ समय अंतराल में मनोज को माथा दर्द होने लगा जो शाम तक ठीक नहीं होने पर सदर अस्पताल गुमला में एडमिट करने की सोची।

### मांगों को लेकर आजसू का न्याय मार्च 13 को

**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला जिला कमेटी के द्वारा सात सूत्री मांगों को लेकर 13 अप्रैल को पार्टी कार्यालय पालकोट रोड से न्याय मार्च निकाला जायेगा। जो उपायुक्त कार्यालय गुमला तक जाएगी। न्याय मार्च के तहत पार्टी ने खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करने, जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करने, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थी उन्हें पूनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, सरना धर्म कोड लागू करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करने, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान आदि की मांग करेगी। यह जानकारी पार्टी के प्रधान जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता ने दी है।

### गुमला : पेड़ से गिरने पर टूटा युवक का हाथ

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के मोकरा निवासी पाकु ग्वाला का पुत्र विनोद (25) मवेशी के लिए फुटकल के पेड़ से पत्ता तोड़ने के क्रम में काफी ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर विनोद फुटकल के पेड़ पर चढ़कर मवेशी के लिए पत्ता तोड़ रहा था तभी अचानक पैर फिसलने से काफी ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। घटना में विनोद का बायां हाथ टूट गया है। वहीं सिर और कमर में गंभीर चोट लगी है।

### पेड़ से गिरने से युवक की मौत

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के अंबवा गांव निवासी कुंज बिहारी महली सेमर के पेड़ से रुई झाड़ने के क्रम में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंचे भरनो थाना पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु देर शाम शव को गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घर के बगल में ही सेमर के पेड़ में चढ़कर रुई झाड़ रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से काफी ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। जहां तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

## सिदो कान्हू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे : दिलीप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जयंती पर आजसू नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद सिदो कान्हू को किया नमन



**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला के द्वारा मंगलवार को हुल क्रांति के महानायक तथा झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर शहीद सिद्धु कान्हू की जयंती पालकोट रोड स्थित कार्यालय में मनायी गई। इस अवसर पर अमर शहीद सिद्धु कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु ने कहा कि सिद्धू कान्हू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे। जिन्होंने अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया था। संथाल विद्रोह को झारखंड कैसे भूल सकता है। सुदूर भोगनाडीह की पहाड़ियों पर आदिवासी के इस विद्रोह से अंग्रेजी सत्ता की चूल हिल गई थी। अंग्रेज, महाजनों एवं शोषण के खिलाफ आंदोलनकारी वीर शहीदों के बलिदान की कर्मभूमि है भोगनाडीह।

### गुमला : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड गणेशपुर डीपा के समीप बाइक सवार बिशुनपुर निवासी 19 वर्षीय पंकज एक्का व जारी पतराटोली के कपिल कुजुर (22) गिरकर गंभीर हो गये। दोस्तों की मदद से दोनों घायल को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायल युवक का उपचार जारी है। दोनों युवक गुमला दाउदनगर में किराये के मकान में रहकर डुमरडीह आईटीआई कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। वहीं पालकोट में किसी परिजन के यहां दोनों बाइक में सवार होकर गये थे।

## जल संकट वाले इलाकों की पहचान के साथ कर्मियों से मांगे गये सुझाव

>> गर्मी में पेयजल समस्या को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** मौसम की तपिश बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी की स्थिति में जल संकट की स्थिति पैदा न हो इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। पंचायत स्तर तक के कर्मियों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। जल संकट वाले इलाकों की पहचान के साथ-साथ कर्मियों से सुझाव भी मांगे जा रहे हैं। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ रणजीत सिन्हा ने पंचायत सचिव, जनसेवक, तकनीकी सहायक व पीएचईडी कर्मी के साथ पेयजल को लेकर समीक्षा बैठक की। साथ ही बैठक मे जल संकट की स्थिति से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गयी।

### डेढ़ लाख लूट और मारपीट का मामला सीसीटीवी में कैद



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अमला टोली बाजार स्थित ग्राहक सेवा केंद्र सह तत्काल मिनी बैंक के संचालक मो फारुख ने सदर थाना में आवेदन देकर काउंटर से डेढ़ लाख रुपये लूटने, कंप्यूटर प्रिंटर तोड़ने, मारपीट एवं धमकी देने की शिकायत सदर थाना पुलिस से की है। नामजद आरोपी बनाते हुए पुलिस ने पड़ताल शुरू की है। आवेदन में कहा है कि सज्जाद, निसार उर्फ पप्पू, राजू, मुशेफ, आदिल, आकिब ने ग्राहक सेवा केंद्र में एक साथ घुसकर फारुख को कब्जे में लेकर गंभीर पिटाई और लूटपाट की है।

# ग्रामीणों ने की पालकोट के पिंजरा नदी से अवैध बालू उठाव की शिकायत

**जनता दरबार**

- उपायुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कार्रवाई का दिया निर्देश
- साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जनता दरबार में फरियादियों से रूबरू होते उपायुक्त।

**खास बातें :** दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मानदेय भुगतान, राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रेतर कार्यवाही हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में फरियादियों की समस्या सुनी और उनके समस्याओं के समाधान की दिशा में अश्वासन दिया। जनता दरबार में गुमला प्रखंड के कुम्हारिया सुवारगुड़ा ग्राम निवासी अरुणा तिर्की ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप सफेद राशन कार्ड को पीले राशन कार्ड में परिवर्तित करने की मांग की। कहा कि उनके घर की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है सफेद राशन कार्ड से उनके परिवार की जरूरतें पूरी करने में कठिनाई हो रही है। जिसपर उपायुक्त ने आवेदन को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रसरित करते हुए जरूरी सहायता देने को कहा। वहीं पालकोट के अलंकेरा मौजा से एक आवेदक ने पिंजरा नदी से अवैध बालू उठाव की सूचना उपायुक्त को दी। उपायुक्त ने उक्त सूचना पर गंभीरता दिखाते हुए त्वरित रूप से संबंधित पदाधिकारियों को औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने उक्त मुद्दे को गंभीरता से लेने की भी बात कही। घाघरा प्रखंड स्थित विमरला पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्राम वासियों ने उक्त क्षेत्र में मूलभूत आवश्यकताओं को दुरुस्त करने हेतु आवेदन समर्पित करते हुए स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल की सुविधा, बिजली, स्कूल बस, पुल, सड़क पीसीसी रोड आदि की सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की।

# जनहित में पलमी का स्वास्थ्य केंद्र जल्द चालू करवायें स्वास्थ्य मंत्री : आलोक साहू

- एक वर्ष से स्वास्थ्य केंद्र सरकारी भवन में प्राइवेट स्कूल चलाया जा रहा है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के पलमी गांव की ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू मंगलवार को कांग्रेसियों के साथ पलमी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि पलमी गांव जहांगीर चौक में विगत 7 वर्ष पूर्व बहुत बड़ा स्वास्थ्य केंद्र बना है जो आज तक चालू नहीं हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने के कारण भवन भी जर्जर हो रहा है। ग्रामीणों ने श्री साहू से स्वास्थ्य केंद्र चालू करवाने की मांग की।

### बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। श्री साहू इस दौरान बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किए तो पाये कि स्वास्थ्य केंद्र के एक सरकारी भवन में विगत 1 वर्ष से यहां संस्कार वर्ल्ड एकेडमी प्राइवेट स्कूल एक से 10 तक चलाया जा रहा है। इस मामले को लेकर श्री साहू ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ट्वीट कर सरकारी भवन में 1 वर्ष से प्राइवेट स्कूल चलाने की जानकारी देते हुए विगत 7 वर्षों से बने स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग की। श्री साहू ने लोहरदगा सिविल सर्जन से वार्ता कर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में किस के आदेश पर प्राइवेट स्कूल जो चलाया जा रहा है उसकी जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कहें। मौके पर कांग्रेसी नेता अमर साव, सलाउद्दीन अंसारी, शाहजहां अंसारी, करमा उरांव, बुधमन उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट 16 से

**कोडरमा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आगामी 16 अप्रैल से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, लातेहार और देवघर में खेले जाएंगे। कोडरमा वेन्यू में पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, चतरा और कोडरमा की टीम खेलेगी। उसके बाद सुपर लीग के मैच का भी आयोजन यहां दिया गया है। यह टूनार्मेंट चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला जाएगा। टूनार्मेंट की तैयारी जोरों से की जा रही है। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन मैदान के टर्फ विकेट सभी मैच खेले जाएंगे। जेएससीए के निर्देशन में बनी टर्फ विकेट और मैदान को जेएससीए के पदाधिकारियों ने काफी पसंद किया है। टूनार्मेंट की तैयारी को लेकर मैदान को पूरी तरीके से सजाया जा रहा है। जेएससीए के पदाधिकारियों के लिए मंच का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने कहा की पिछले बार अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में कोडरमा के खिलाड़ी अभय ने बेहतर प्रदर्शन किया था, जिसके बदौलत वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रहा।

## तीन थाना प्रभारी व डेढ़ दर्जन से अधिक अवर निरीक्षक का तबादला

**चतरा।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने डेढ़ दर्जन से अधिक पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला किया है। विधि-व्यवस्था की दृष्टिकोण से तीन थाना प्रभारियों का भी तबादला किया गया है। इसमें राजपुर, गिद्धौर और कुंदा थाना के प्रभारी शामिल हैं। सदर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक कौशल कुमार सिंह को कुंदा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं पुलिस केंद्र में पदस्थापित एसआई बिनोद कुमार को राजपुर थाना का दारोमदार सौपा गया है। इनके अलावे पिपरवार थाना में तैनात कन्हैया यादव को गिद्धौर थाना की जिम्मेवारी सौंपी गई है। सभी नवनियुक्त थाना प्रभारियों को एसपी ने नव पदस्थापित थानों में यथाशीघ्र योगदान करने और विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने की विशेष जिम्मेवारी सौंपी है। साथ ही साथ नक्सलवाद, अफीम तस्करी, इंटरस्टेट क्राइम के अलावे वर्षों से लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन का भी विशेष दायित्व सौंपा है।

## पुण्यतिथि पर याद की गयीं मंजुला शर्मा

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी डोमचांच में मंजुला शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मंजुला शर्मा के प्रबंधक सह पुत्र रजनीश शर्मा ने स्व. मंजुला शर्मा की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं मौके पर उपस्थित विद्यालय के संचालक रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक एक कर पुष्प अर्पित किया।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मंगलवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर राजपुर थाना परिसर में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान व पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह,दिलीप सिंह ने ब्लड डोनेट कर किया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी हुलास महतो, मुखिया छोटू सिंह सहित एक दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई भी पुण्य का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे द्वारा दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है तो ऐसा पुण्य का काम हम सबों को करना चाहिए। शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र पाठक, लैब टेक्नीशियन आजाद अफसर, सुमन कुमारी, रंजिता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, तापेश्वर सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आज से चलेगा टीकाकरण अभियान

## 9 माह से 15 वर्ष आयु वाले बच्चों को दिया जायेगा एमआर का टीका

जिलेवासियों से उपायुक्त ने की अपील खसरा और रूबेला से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें

कोडरमा जिले के 2,75,415 बच्चों के टीकाकरण का है लक्ष्य

सभी सरकारी और निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों व अस्पतालों में एमआर मिजिल्स का टीकाकरण किया जायेगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** खसरा और रूबेला नामक संक्रमण बीमारी से बचाव के लिए जिले में बुधवार से टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा, अभियान के दौरान 9 माह के नवजात से लेकर 15 वर्ष आयु वाले बच्चों को एमआर टिका (मिजिल्स रूबेला) दिया जायेगा। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उक्त जानकारी उपायुक्त आदित्य रंजन ने दिया। उन्होंने कहा की खसरा और रूबेला रोग का पूरी तरह उन्मूलन करने के लिए राज्य के नौ जिलों में 12 अप्रैल से टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा, इसमे कोडरमा भी शामिल है। टीकाकरण का कार्य 5 सप्ताह तक चलेगा, प्रथम दो सप्ताह में जिले के सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को एमआर मिजिल्स का टीका दिया जाएगा। अन्य दो सप्ताह में गांव गांव में घूम कर निर्धारित आयु वाले बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। जबकि अंतिम सप्ताह में छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। डीसी श्री रंजन ने बताया कि 5 सप्ताह तक चलने वाले टीकाकरण अभियान के दौरान जिले के 2 लाख 75 हजार 415 बच्चों को एमआर मिजिल्स देने का लक्ष्य निर्धारित है, इसे हर हाल में प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा, इसके लिए जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया जा चुका है, साथ ही अभियान में शामिल कर्मियों को आवश्यक निर्देश और विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है। डीसी ने बताया कि खसरा और रूबेला एक संक्रमण रोग है, जिससे जान भी जा सकती है, ऐसे में इस खतरे से बचाव के लिए शतप्रतिशत बच्चों का टीकाकरण जरूरी है, तभी यह रोग पूरी तरह खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित है, वर्ष 2018 में भी इसका टीकाकरण किया गया था। यह अतिरिक्त डोज है, ऐसे में जिन बच्चों को पहले से एमआर मिजिल्स लग चुका है, उन्हें भी अभियान के दौरान टीकाकरण किया जाएगा। डीसी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा की खसरा और रूबेला से अपने बच्चों का बचाव के लिए बेझिझक और बिना डरे बच्चों का टीकाकरण करवाएं, इस टिका से कोई खतरा नही है। डीसी ने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों संक्रमण रोग है, खसरा से बच्चों में निमोनिया या डायरिया जैसी बीमारियां होती है। वहीं रूबेला के कारण गर्भपात, मृत्यु या फिर जन्मजात विकृति जैसे अपंग, बहरा, अंधापन आदि होने की आशंका रहती है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डीएस डॉ मनोज कुमार, डॉ दीपक, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को चतरा जिला प्रशासन के निर्देश पर टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आकस्मिक तौर पर होने वाले दुर्घटना व प्राकृतिक महामारी जैसे आपदाओं से त्वरित निपटने के लिए प्राइटिकल कर जानकारी दी गई। इस दौरान पदस्थापित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा की आमजनों की रक्षा के लिए हमलोग सदैव समर्पित हैं।

## गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गांधी स्कूल चौक से चंदवारा प्रखंड के जमकट्टी क्षेत्र तक बन रहे सड़क का ग्रामीणों ने विरोध किया। वहीं हरली बिरसोडीह ग्राम के मुखिया वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से बने हुए रोड मात्र 6 महीने में टूट गया और नया रोड जो बन रहा है वह भी उसकी क्वालिटी खराब है जो 6 महीना भी नहीं चलेगा। ग्रामीणों का मांग है की रोड गुणवत्तापूर्ण बने और टिकाऊ रोड बने, जबकि सड़क पर पुराने सड़क को तोड़कर बोल्डर मिलाकर डस्ट के साथ बनाया जा रहा है, इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। स्थानीय मोहन यादव ने कहा कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रहा है, जिसकी लागत 3 करोड़ 84 लाख रुपए है।



मगर सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मौके पर देवेंद्र यादव, पंकज यादव, मोहन यादव, सुरेश यादव, अशोक यादव, मनीष यादव, अखिलेश यादव, मोती कुमार, गंगा यादव, उपेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्व. जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष के आवास पर राज्य के दिवंगत मंत्री स्व. जगरनाथ महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार जगरनाथ महतो का निधन 6 अप्रैल 2023 को हो गया था। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया और जगरनाथ महतो के वैचारिक और झारखंड के विकास कार्यों के प्रति किए गए कार्यों से प्रेरणा लिये। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष जिला सचिव बीरेंद्र पाण्डेय, गोपाल यादव, श्यामदेव यादव समेत अन्य ने कहा कि मंत्री रहते उन्होंने पारा शिक्षकों को समस्या का समाधान किया और उनका मान-सम्मान भी बढ़ाया। मंत्री जी टाइगर नाम से झारखंड में मशहूर थे, वे गरीब, असहाय और वंचितों के लिए टाइगर की भांति सजग रहते थे।

झारखंड में विकास और उसके अस्मिता की लड़ाई प्रमुखता से लड़ते रहे। विषम परिस्थितियों में भी झारखंडवासियों के हित के लिए मजबूती के साथ खड़े रहते थे। श्रद्धांजलि सभा में संजय पाण्डेय, संजय साजन, श्यामदेव यादव, मो नौशाद, दिवाकर तिवारी, राखी देवी, मो सद्दाम, गोविंद प्रसाद बिहारी, चंद्रदेव यादव, उमेश यादव, वीरेंद्र, रामेश्वर यादव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।




## कोडरमा थाना के समीप चला वाहन जांच अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में कोडरमा थाना के समीप मंगलवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां दोपहिया वाहन चालकों का हेलमेट, लाइसेंस व वाहन संबंधित जरूरी कागजातों की गहनता से जांच की गई।

वहीं बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया। मौके पर एएसआई विजय कुमार सिंह व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, शिक्षक मानदेय संबंधित, आवास संबंधित, राशन से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## भद्रकाली कॉलेज में खुला कॉमन सर्विस सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कॉलेज के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह, जिप सदस्य सरिता देवी, इटखोरी मुखिया जोगेश्वर दांगी, उपमुखिया आशीष दांगी, जिला सीएससी प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। कॉलेज में सीएससी केंद्र खुलने पर आए अतिथियों ने हर्ष व्यक्त किया। कहा कि केंद्र के खुलने से विद्यार्थियों को सभी प्रकार की डिजिटल सेवाएं मिलेगी। सीएससी जिला प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि कॉलेज परिसर में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर खुलने का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को विद्यालय परिसर में ही ऐसा संसाधन उपलब्ध कराना है। जिसके माध्यम से वे अपने सभी तरह के ऑनलाइन सेवा प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर प्रोफेसर श्याम सुंदर प्रसाद, सकेंदर मिस्त्री, ललित मोहन चौधरी, महेंद्र ठाकुर, मधुबाला, अखिलेश पांडेय, ललित कुमार सिंह, संदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



## आठ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी भवन में 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किया जायेगा। जिसे लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसे निवर्तमानवार्ड पार्षद आशीष भदानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में सबसे आगे ढोल नगाड़े के साथ बैनर लेकर कृपालु जी महाराज जी के दो भक्त चल रहे थे, उसके पीछे ध्वज के साथ नीरज अठघरा और संतोष कप्सिमे थे। उसके बाद सुसज्जित वाहन में दरबार लगाई गयी थी, इस यात्रा में कृपालु जी महाराज की कृपा प्राप्त प्रचरिका सुश्री प्रमेश्वरी देवी जी का सुसज्जित वाहन था कर्यक्रम में आरती सुश्री परमेश्वरी देवी जी के साथ सभी भक्तों ने किया। कलश यात्रा में 131 महिला कलश व सैकड़ो की संख्या में लोग ध्वज के साथ राधे राधे गोविंद के जयकार लगाते हुए चल रहे थे। यह कलश यात्रा श्री माहुरी भवन से निकल कर डॉक्टर गली, स्टेशन रोड, झंडा चौक होते हुए काली मंदिर के निकट से वापिस माहुरी भवन पहुंची यात्रा के मार्गों में कई भक्तों के द्वारा शरबत पानी की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर मुन्ना भदानी, संजय तर्वे, सुरेश प्रसाद सेठ, राजेश काप्सिमे, विजय वैश्यखियार, दिलीप अठघरा, अरुण सेठ, सोनू पहाड़ी, भानु अठघरा, अंकित एकघरा, दयानंद पवनचौदह, अमन कप्सिमे, धर्मेन्द्र भगत, बीर गुप्ता, जयकांत जी, गौरी शंकर भगत, अरुण सिंह, कृष्णा अग्रवाल, बीना देवी, प्रीति भगत, अभिलाषा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, गौरी गुप्ता, संजु कुमारी, रूबी, ललिता भदानी, सरोज पवनचौदह, कुमकुम भदानी, सिमा आर्या, निशा कप्सिमे, सिमरन, अंजली कुमारी सहित शहर के कई लोग मौजूद थे।



## डॉक्टरों ने दौरा कर लिया करहरिया का जायजा

**कोडरमा।** मेघातरी पंचायत के ग्राम करहरिया में फ्लोराइड व आयरन युक्त, पानी पीने से वहां के कई लोग दिव्यांग हैं। इसकी जांच के लिए दो चिकित्सकों की टीम सोमवार को गांव, का दौरा किया। टीम में जिला यक्ष्मा, पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार व जिला मलेरिया ? पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार शामिल, थे। टीम की ओर से पाया गया कि गांव में फिलहाल नए रूप में किसी नवजात बच्चे व वहां के वयस्कों में दिव्यांगता की शिकायत सामने नहीं आई है। पूर्व में गांव के जो लोग फ्लोराइड व आयरन युक्त पानी पीने से दिव्यांगता के शिकार बने थे।

## एक नजर में

### डॉ हैनिमन के जन्मदिवस पर सेमिनार का आयोजन

**गढ़वा।** होमियोपैथी के जनक डॉ हैनिमन के जन्मदिवस पर होम्योपैथिक महाविद्यालय व देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के तत्वावधान में वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के बहूद्देषीय कक्ष में ओरगानोन ऑफ मेडिसिन, क्लासिकल होमियोपैथी विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन होमेओ मिरर के जनक डॉ प्रवीण बी कर्थिके व ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में ओरगानोन ऑफ मेडिसिन, क्लासिकल होमियोपैथी पर चर्चा की गई। मौके पर डॉ प्रवीण बी कर्थिके ने ओरगानोन ऑफ मेडिसिन, क्लासिकल होमियोपैथी की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी विषेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को होमियोपैथी की उपयोगिता तथा इसके गुण के बारे में जानकारी दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने डॉ हैनिमन के उपलब्धियों, उनके द्वारा किये गए कार्य तथा सेमिनार के मुख्य विषय पर अपनी जानकारी साझा किया। मौके पर होम्योपैथिक डॉक्टर्स, ट्रस्ट के स्थापना पदाधिकारी शिव कुमार ओझा, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी सुभाष कुमार, पंकज कुमार सिन्हा, ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, पदाधिकारी व होम्योपैथिक के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मंत्री ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर किया। युवा शक्ति क्लब के सदस्यों ने अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया। उद्घाटन मैच यूपी के महुली क्रिकेट टीम एवं झारखंड के श्री बंशीधर नगर के बीच खेला गया। जहां श्री बंशीधर नगर की टीम पांच विकेट से विजयी हुई। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने आयोजन कमिटी को बधाई देते हुए कहा कि सौभाग्य की बात है कि मुझे इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का सहभागी बनने का अवसर मिला। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल अवश्य खेलें और जो खेल नहीं सकते हैं उन्हें योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी एक अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेल के विकास पर बहुत चिंता है। वह चाहते हैं कि प्रदेश के खिलाड़ी देश विदेश में पुरस्कृत हो। इसलिए अच्छे खिलाड़ियों को वह सरकारी नौकरी दे रहे हैं, अब तक 46 खिलाड़ियों को सीधे नौकरी देने का कार्य किया है। मंत्री ने भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही पर तंज कसते हुए कहा कि मुझे यहां आते हुए डर भी लग रहा था कि यहां के विधायक मेरे छोटे भाई भानु प्रताप शाही इफ्तार पार्टी की तरह कोई सवाल खड़ा न कर दें। भारतीय संविधान की भावनाओं को भानु प्रताप शाही ठेस पहुंचा रहे हैं। देश के संविधान में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी को समान अधिकार है और अपने धार्मिक मयार्दाओं को पालन करने का हक है।

### टैंकर से जलापूर्ति की शुरुआत

**मझिआंव।** गर्मी बढ़ते ही नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई, लोगों को पेयजल के लिए काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जिसको लेकर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी प्रभारी सुशील कुमार को आवेदन देकर टैंकर से पानी वितरण करवाने के लिए मांग किया था। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सफाई प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा की देखरेख में नगर पंचायत क्षेत्र के 4, 5 एवं 7 वार्ड में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति की शुरुआत की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सफाई प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा तीन पानी टैंकर लगा दिया गया है। लोगों को समस्या ना हो जिसको लेकर सभी जगह पर टैंकर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है।

### पेयजल की समस्या, मुखिया ने बीडीओ को दिया आवेदन

**भवनाथपुर।** गर्मी के दस्तक देने के साथ ही कैलान पंचायत में पेयजल की समस्या हो गई है। जिसे लेकर पंचायत के मुखिया सुकनी देवी ने बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत में डीप बोर तथा चापाकल लगवाकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। मुखिया ने उल्लेख की है कि कैलान पंचायत के कोनमण्डरा एवं कैलान का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसी स्थिति में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे जनजीवन एवं मवेशी काफी संकट में है ऐसी परिस्थिति में डीप बोर, चापाकल लगाकर पानी उपलब्ध करायी जा सकती है। इसलिए कोनमण्डरा एवं कैलान में डीपबोर, चापाकल का निर्माण पीएचईडी विभाग गढ़वा द्वारा कराया जाए।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी के ठेकुलिया टोला में रमेश विश्वकर्मा के घर के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो कर गिरने से पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों में अरसली उतरी निवासी शम्भू भुइयां एवं पत्नी बुधनी देवी का नाम शामिल है। घायलावस्था में स्थानीय ग्रामीणों ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। घटना के संबंध में बुधनी देवी ने बताया कि अरसली उतरी घर से मकरी झाड़फूंक कराने जा रही थी। इसी क्रम में मकरी के ठेकुलिया टोला पहुचे तो अचानक अनियंत्रित हो कर गिर गए।

### पीसीसी पथ को तोड़कर बनाया मकान

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के चंदना गांव के तेलिया टोला में गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा सर्वे का आम रास्ता पर बने पीसीसी पथ को तोड़ मकान बनाकर आम रास्ता बाधित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय एवं थाना में लिखित आवेदन देकर आम रास्ता को चालू कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन अंचलाधिकारी एवं थाना के द्वारा किसी तरह के सार्थक पहल नहीं किया जाने के बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर आम रास्ता को चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में भुक्तभोगी नंदू चंद्रवंशी, सुरेंद्र राम, लालदेव राम, गरीबा पासवान, सुखदेव साव, सुदेश्वर राम, संतोष साव, कोदू साव, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, लालदेव चंद्रवंशी, रीना कुंवर, पुष्पा देवी, विमला देवी आदि ने बताया कि हमलोगों के टोला में लगभग 200 साल पहले से जमीदारी काल के समय से सर्वे का एकलौता आम रास्ता पूर्व से है।

### व्यावसायिक संघ के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर भवनाथपुर के प्रांगण में आयोजित भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पहुंचे। जहां सूर्य मंदिर में मंत्री व पूर्व विधायक ने माथा टेका। इसके बाद भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने फूल माला एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस दौरान भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद सहित अन्य व्यवसायियों ने भवनाथपुर से संबंधित समस्या को ध्यान में रखते हुए मंत्री को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि तकनीकी कारण एवं उदासीनता के कारण पावर प्लांट का कार्य नहीं हो पाया है। रांची जाने के पश्चात मुख्यमंत्री से बात कर इस पर पहल करूंगा।

### बैंक कर्मियों की कमी के कारण खाताधारी परेशान

**मझिआंव।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा बरडीहा में बैंक कर्मियों के अभाव का खामियाजा बैंक के खाताधारियों को भुगतना पड़ रहा है। खुद का पैसा बैंक में जमा रहने के बावजूद भी लोग रुपए के अभाव में अपना जरूरी काम करने से वंचित हो जा रहे हैं। इतना ही नहीं बीमारी के गंभीर स्थिति में भी उपभोक्ताओं को पैसा निकासी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर मंगलवार को बैंक में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। बिना अकाउंटेंट के ही महीनों से एसबीआई बैंक संचालित है। जबकि कई महीनों पहले अकाउंटेंट अमित कुमार का तबादला हो चुका है। जिससे लेखा-जोखा के साथ कई तरह के फॉर्म का जांच कर वेरीफाई करना मुश्किल हो गया है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पांडेय पुरा पंचायत के खैरा टोली गांव में तीन भाइयों को जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायलों में ओम प्रकाश प्रसाद, प्रताप कुमार, पवन प्रसाद पिता शिव नारायण प्रसाद प्रसाद शामिल है। घायल पवन प्रसाद ने बताया कि खैरा टोली गांव के प्रकाश साव, पुत्र सोनू कुमार, पत्नी और बेटी द्वारा धारदार चाकू से हमला कर दिया। जिससे ओमप्रकाश को कंधा में गहरी चोट लगी है। जबकि प्रताप कुमार को सिर और पेट में गहरी चोट आई है। पवन प्रसाद को भी चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों भाइयों का इलाज सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ अरविंद कुमार द्वारा ईलाज किया गया। वहीं इस बावत थाना प्रभारी से पुछे जाने पर कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

## अनियंत्रित टेंपो पलटा आधा दर्जन घायल

**बेतला।** छिपादोहर से परीक्षा देकर टेंपो वाहन से लौट रहे परीक्षार्थियों से भरा टेंपो बेतला चेक नाका के समीप अनियंत्रित होकर पलटा जिसमें गंभीर रूप से घायल मिथिलेश कुमार पिता संजय सिंह समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं, ग्रामीनो और बरवाडीह थाना प्रभारी के तत्परता से सभी घायलों को बरवाडीह अस्पताल भेजा गया है, जहां प्राथमिक उपचार किया जा रहा है, सभी घायल परीक्षार्थी कुटमु के ही बताए जा रहे हैं।

## नेशनल कब्बड्डी खिलाड़ी नेहा को किया सम्मानित

**बरवाडीह।** रेलवे के आरओएच इंचार्ज जुगनू दास के द्वारा मानवीय दायित्व का परिचय देते हुए प्रखंड के मोरवाई पंचायत की रहने वाली और नेशनल कबड्डी टीम की सदस्य नेहा कुमारी के खेल को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मंगलवार को कैरेज एंड वैगन के सभागार में एक सादे समारोह में सम्मानित करते हुए आर्थिक मदद भी देने का काम किया। जुगनू दास ने बताया कि खेल के प्रति मेरी रूचि शुरू से रही है, और मैं भी एक सामान्य ग्रामीण परिवेश से आता हूं। इसलिए मुझे नेहा के खेल को बेहतर बनाने के लिए हो रही परेशानियों का अनुभव है, और इस कारण ही मैंने अपने सामर्थ्य से नेहा को आर्थिक रूप से मदद करने का एक छोटा सा प्रयास किया है, ताकि वह अपने खेल को और बेहतर बना सके। मौके पर मौजूद जिप सदस्य संतोषी शेखर ने जुगनू दास से सभी को प्रेरणा लेने की अपील की ताकि प्रतिभाओं को अभाव में पीछे ना रहना पड़े। मौके पर मौजूद नेहा और उसके पिता संजय राम ने रेल अधिकारियों के द्वारा दी गई आर्थिक मदद के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में उपप्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, मुखिया कालो देवी, बीस सूत्री सदस्य सुनीता पाल, वरीय अनुभाग अभियंता सरोज सिंह, डीके सिंह, ओंकार सिंह, रंजीत सिंह, काजमी अनवर और शिवपूजन चौहान समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम का होगा आयोजन : रविंद्र राम



जानकारी देते गण्यमान्य।

**बरवाडीह।** आगामी 14 अप्रैल को बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह शिरकत करेंगे। बताया कि 14 अप्रैल को 11 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जो बाजार से बाबा चौक और बस स्टेंड होते हुए वापस सभा स्थल अंबेडकर चौक पर पहुंचेगी। जहां बाबा साहब का माल्यार्पण किया जायेगा। जिसके उपरांत रैन बसेरा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विधायक समेत अन्य वक्ताओं द्वारा बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। वहीं रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रविंद्र राम ने बाबा साहब को मानने वाले सभी लोगों को कार्यक्रम में ससमय शामिल होने की अपील की है। मौके पर कांग्रेस नेता अवधेश मेहरा, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू और सुरेश मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

## पंचायत प्रतिनिधियों को थाना से मान सम्मान नहीं दिये जाने को लेकर हुई चर्चा

➲ बैठक में असंतुष्ट रहे प्रतिनिधि, जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते थानेदार व पंचायत प्रतिनिधि।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे पंचायत प्रतिनिधियों को थाना द्वारा मान सम्मान नहीं दिए जाने की चर्चा करते हुए समन्वय बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व पंचायत प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। जिसमे कई पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि हमलोग पंचायत प्रतिनिधियों के लिए दुर्भाग्य है की अन्य कई लोगों को बैठने के लिए कुर्सी मिल जाता है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि को कुर्सी नहीं मिलती है। इसपर थाना प्रभारी ने कहा की हम रिक्सा चालक को भी कुर्सी दे सकते हैं हमारे लिए सब बराबर है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा की निर्दोष फंसे नहीं, दोषी बचे नहीं इसके लिए हमलोग सहयोग करेंगे। छोटा-छोटा मामला मे मामला पंचायत स्तर पर ही निष्पादन हो जाये इसके लिए आग्रह किया। साथ ही कहा की फर्जी मुकदमा मे लोग फसे नहीं इसके लिए पंचायत मुखिया व पंसस से जानकारी लेने की भी कोशिश करें। इसपर थानेदार ने कहा की थाना आईपीसी और सीआरपीसी के तहत चलता है। आप पंचायती नहीं करें। अगर कोई पलट गया तो आपको भी पार्टी बना सकता है। वहीं कहा की आपलोग पंचायती राज अधिनियम को पढ़ लें। सांसद विधायक व सरकारी कर्मी छोड़कर एफआईआर करने के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यता नहीं है। पांचवी अनुसूची का भी जिक्र करते हुए ग्राम के तहत अधिकार के संबंध मे भी कहा की हमलोग पंचायत प्रतिनिधि हैं। इसलिए पूर्ण प्रयास करते हैं की कोई भी निर्दोष गरीब केश मे फंसे नहीं इसके लिए समन्यवय स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसपर थाना प्रभारी ने कहा की संग्य अपराध हो या असंग्य मीटिंग नहीं करें। आप सभी को ग्रामीणों से आपसी समन्वय नहीं है। इसलिए लोग थाना आ जाते हैं। एक उदाहरण देते हुए कहा की मारपीट कर हत्या के मामले मे हेरहंज थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि अभी तक जेल मे हैं। आपलोग ऐसे मामलो मे इंटर फेर नहीं करे अन्यथा आईपीसी के हिसाब से आप भी दंडित हो जाइएगा। पुलिस का काम है क्राइम कंट्रोल करना, पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्य को धरातल मे लाने व जोड़ने का लक्ष्य है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी कई बिन्दुओ पर चर्चा कर जानकारी दी। बैठक से थाना प्रभारी को बाहर जाते ही एकाध प्रतिनिधि छोड़कर कई प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए कहा की दलालो के लिए सिर्फ थाना रह गया है। दलाल चाहेंगे वही हो सकता है। दलालो को कुर्सी मिलता है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि खड़े रह जाते हैं। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, संतोष भगत, सोनी देवी, मो होजैफा, जया देवी, उमेश उरांव, मुखिया सरिता देवी, राजीव भगत, केदार गंझु, तेतरी देवी, रानो देवी, शांति देवी, राजेन्द्र उरांव, नंदु उरांव, प्रमोद उरांव, लालआशीष नाथ शाहदेव सहित अन्य भी मौजूद थे।

## बजरंग दल ने जमशेदपुर घटना के विरोध में सरकार का किया पुतला दहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** थाना चौक में मंगलवार को बजरंग दल के द्वारा झारखंड सरकार के तुष्टीकरण की राजनीति एवं धार्मिक सौहार्द को देखते हुए झारखंड सरकार हेमंत सोरेन का पुतला दहन प्रांत के निदेर्शानुसार किया गया। जिसका नेतृत्व बजरंग दल जिला सह संयोजक नीतिश यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान श्री यादव ने कहा कि जमशेदपुर में कदमा के मंदिर में हुई घटना के बाद में पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद हिंदू समाज के द्वारा उसी मंदिर में शुद्धीकरण का कार्यक्रम रखा गया। उसी समय बगल में विशेष समुदाय के द्वारा इफ्तार पार्टी कर रहे पूरी संख्या पेट्रोल बम, हथियार, पत्थर इत्यादि लेकर दौड़ पड़े और कार्यक्रम में शामिल सभी हिंदू समाज के लोगों के ऊपर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिए। बाद में आगजनी किया गया। हिंदू के वाहनों को, दुकानों को क्षतिग्रस्त किया गया। पुलिस प्रशासन के माध्यम से वहां हिंदू समुदाय के लोगों को गिरफ्तार किये गये। बाद में जो वहां नहीं थे उनके घर से उठाकर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। अभी भी घरों में जा जाकर पुलिस प्रशासन के माध्यम से धमकी दिया जा रहा है।

### दोषियों को जल्द करें गिरफ्तार, नहीं तो करेंगे आंदोलन : बजरंग दल

दल ने कहा कि यदि सरकार दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं करती है तो हम सभी बड़ा आंदोलन करने को तैयार है। मौके पर नगर को नेतृत्व करते हुए गौरव ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आयी है तब से हिन्दू समाज को सरकार हासिये में लेकर जा रही है। यदि सरकार अभी भी होश में नहीं आती है तो झारखंड सरकार का पतन होना तय है। मौके पर कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, विष्णु सोनी, निर्मल कुमार, राहुल सिंह, विशाल विश्वकर्मा, सौरभ तिवारी, सतीश गुप्ता, सूरज गुप्ता, अंकित गुप्ता, चंदन यादव, सत्यम गुप्ता, रोहित यादव, विकास गुप्ता, राहुल वर्मा, आयुष गुप्ता, पीयूष गुप्ता समेत दर्जनों कार्यकताओं ने अपना आक्रोश प्रदर्शन किया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल



घायलों का उपचार करते चिकित्सक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतला पिकेट के समीप मंगलवार की शाम 6 बजे के करीब टेंपू के पलटने से एक छात्र की मौत हो गई और पांच छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार टेंपू में सवार सभी बच्चे छिपादोहर से परीक्षा देकर केड़ होते हुए वापस अपने घर कुटमू लौट रहे थे। इसी क्रम में बेतला पिकेट के पास टेंपू असंतुलित होकर पलट गई। घायल परीक्षार्थी ने बताया कि चालक तेज रफ्तार में टेंपू चला रहा था। वहीं घायलों में बेतला पंचायत के मुखिया मंजू देवी का पुत्र मिथिलेश सिंह 17 वर्ष है। जिसके पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं घायल छात्रा नंदनी कुमारी 15, पिता कल्टू सिंह का दायां पैर टूट गया है। वहीं सीकेश कुमार सिंह 17, पिता पप्पू सिंह की इस दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई है। इधर सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बरवाडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशीष रंजन और ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा ने किया। जिसके बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, जिप सदस्य संतोषी कुमारी, अवशेष मेहरा, पूर्व मुखिया संजय सिंह, मनोज गुप्ता और नरेश चौरसिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## मवि चकला पहुंचा स्किल्स ऑन व्हील्स रथ

➲ विद्यार्थियों को दी गयी व्यावसायिक शिक्षा की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता




जानकारी देते शिक्षक।

**चंदवा।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा रवाना किया गया स्किल्स ऑन व्हील्स रथ मंगलवार को चंदवा के मध्य विद्यालय चकला पहुंचा, जहां विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित जानकारियां साझा की गई। इसके पूर्व हिंडाल्को की सीएसआर हेड लोपा मुद्रा मिश्रा व प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से फीता काट रनिंग व्हील्स क्लास का उदघाटन किया। मौके पर छात्रों को पढ़ाई के साथ स्वावलंबी बनने को लेकर सिखाया गुर सिखाए गए। हिण्डालको चकला कोल माइन्स के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में माइन्स मैनेजर रितेश तिवारी, अभय शर्मा समेत कंपनी के कई अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि जिला प्रशासन रथ के माध्यम से कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा' के बारे में पर्याप्त और सही जानकारी को बढ़ावा देने और युवाओं के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किया जा रहा है। ये रथ जिले अंतर्गत स्कूलों में जागरुकता लाने के साथ ही कौशल शिक्षा का प्रचार करेगा। स्किल ऑन व्हील्स रथ को आवश्यक प्रशिक्षण उपकरणों के साथ स्थापित किया गया है। स्कूल के छात्रों के लिए व्यावसायिक कौशल के चार सेट - बुनियादी इंजीनियरिंग, ऊर्जा और पर्यावरण, बागवानी और कृषि और गृह और स्वास्थ्य विज्ञान में कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे। स्किल ऑन व्हील्स रथ के माध्यम से स्कूल के छात्र छात्राओं को व्यावसायिक कौशल के चार सेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रशासन की वाहन चेकिंग भाजपाइयों के लिए बनी परेशानी का सबब



वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग व एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा के मिशन स्कूल व हरैया मोड़ के पास मंगलवार की सुबह से ही प्रशासन के द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दोनों एनएच से गुजरने वाले चार पहिया व बड़े यात्री वाहनों की जांच की गयी। अभियान के दौरान वाहन चालको से लाइसेंस, वाहन के कागजात, इंसुरेंस प्रदूषण समेत अन्य कागजातों की जांच की गई। प्रशासन के द्वारा चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम शामिल होने जा रहे भाजपाइयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भाजपाइयों ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार के ईसारे पर उन्हें प्रदर्शन कार्यक्रम में रोकने की नियत से प्रशासन के द्वारा उक्त जांच अभियान चला कर बेवजह परेशान किया जा रहा है, जो राज्य सरकार की नीयत और नीति प्रदर्शित करती है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार के हर षड्यंत्र को नाकाम करते हुए घेराव कार्यक्रम में जरूर शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री सचिवालय घेराव कार्यक्रम में चंदवा से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल



कार्यक्रम में शामिल होने जाते भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आहूत मुख्यमंत्री सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चंदवा से रांची गए। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर तक के भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय घेराव को लेकर उत्साह से लबरेज नजर आए और सुबह से ही भाजपाइयों का काफिला रांची के लिए रवाना होना शुरू हो गया। हालांकि प्रशासन के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगाकर भाजपाइयों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन इसका प्रभाव भाजपाइयों पर नहीं पड़ा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार के साढ़े 3 साल के कार्यकाल में ही राज की जनता त्रस्त हो गई है। राज्य में भय व भ्रष्टाचार व अफसरशाही का बोल बाला है। आगामी लोक सभा व विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इसका जवाब देगी। सचिवालय घेराव में शामिल होने वालो में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, देवमोहन सिंह, राजकुमार पाठक, आशीष सिंह, दीपक निषाद, रिकी वर्मा, दुर्गा ठाकुर, सूर्य नारायण साहू, शंकर साहू,मनोज पाठक, राजेश यादव, राजेन्द्र यादव, सुनील मुंडा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## मनिका प्रखंड क्षेत्र में बन रहे पीएम आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण

➲ जल्द से जल्द पीएम आवास का कार्य पूरा नहीं करने पर लाभुकों के ऊपर होगा सर्टिफिकेट केस



आवास निरीक्षण करते बीडीओ व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के विभिन्न गांवों में बन रहे पीएम आवास योजना का दिन मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां पर देखा गया कि कई पीएम आवास के लाभुक दूसरी किस्त की राशि निकालने के बाद भी आवास को पूरा नहीं किए हैं। वैसे लाभुकों को बीडीओ के द्वारा अर्ध निर्मित पड़े आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि जो लाभुक समय से पीएम आवास का कार्य पूरा नहीं करते हैं तो वैसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके ऊपर सर्टिफिकेट केस दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जितनी राशि लाभुकों को दी जा रही है लाभुक प्रयास करें कि उतनी राशि की हीं आवास का निर्माण किया जाए। मौके पर देखा गया कि लाभुकों के द्वारा पीएम आवास योजना की राशि की क्षमता से ज्यादा लंबा चौड़ा आवास की दीवार खड़ी की गई है लेकिन आवास का कार्य अर्धनिर्मित है। इसलिए पीएम आवास के लाभुकों को योजना की राशि के अनुसार ही आवास बनाने की बात कही गई। मौके पर पंचायत सेवक मनोहर सिंह, गंगेश्वर यादव, उमेश ठाकुर, रामू कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध कबाड़ी बेचने वालों का मनोबल बढ़ा, विरोध करने पर हाईवा से कुचलने की दी जाती है धमकी



लोहे की चोरी कर ले जाते लोग।

**लातेहार।** बालूमाथ में अभिजीत ग्रुप से लोहा चोरी कर कबाड़ी दुकान में बेचने वाले बांग्लादेशी व रोहांगीयो का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े कबाड़ी की चोरी कर लाने वाले लोगों का अगर कोई ग्रामीण वीडियो या फोटो खींच लेता है तो धमकी देते है कि अगर कुछ करोगे तो कबाड़ी दुकानदार से कह कर तुम पर हाईवा चढ़वा देंगे। ज्ञात हो कि एक तरफ भारत सरकार बांग्लादेशी व रोहांगीयो के लिए एनआरसी व सीसीए जैसे कानून लाई है। ताकि इसे चिन्हित कर आवश्यक करवाई की जा सके। लेकिन कबाड़ी दुकानदार 600 से ज्यादा बांग्लादेशी व रोहांगीयो को बालूमाथ में लाकर धड़ल्ले से लोहा चोरी कराना कई सवालों को जन्म दे रहा है। वही बाहर से आने वाले बांग्लादेशी प्रत्येक दिन विभिन्न सीएसपी व मिनी बैंक से 4000 से 5000 तक अवैध कमाई कर अपने घरों में पैसा भेजा करते हैं जो जांच का विषय है।

# नक्सली संगठन टीएसपीसी ने अपराधियों पर साधा निशाना संगठन को बदनाम करने वालों पर कार्रवाई की कही बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अपराधियों के द्वारा टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर लेवी वसूले जाने की लगातार घट रही घटना के बाद टीएसपीसी की ओर से एक विज्ञप्ति जारी की गई है। विज्ञप्ति के माध्यम से संगठन के द्वारा कहा गया है कि इन दिनों कुछ अपराधियों के द्वारा टीएसपीसी संगठन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि संगठन का किसी भी अपराधियों से कोई संबंध नहीं है। टीएसपीसी के द्वारा जारी किए गए विज्ञप्ति में चार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की धमकी भी दी गई है। दरअसल, लातेहार जिले में इन दिनों अपराधी संगठन सक्रिय हो गए हैं. हालांकि पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को लगातार गिरफ्तार भी किया जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने ये बयान दे रहे हैं कि नक्सली संगठन टीएसपीसी से उनका गठजोड़ है और टीएसपीसी के कमांडरों के नाम पर लेवी की वसूली की जा रही है। हाल के दिनों में अपराधी संगठनों से जुड़े अपराधियों के गिरफ्तारी के बाद इस प्रकार के मामले भी सामने आए। गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा पुलिस को बताया जाता है कि नक्सली संगठन टीएसपीसी और अपराधी संगठन एक दूसरे से मिलकर काम कर रहे हैं।

### संगठन ने विज्ञप्ति जारी कर अपराधियों से गठजोड़ का किया खंडन



इधर, टीएसपीसी के प्रवक्ता कामरेड जितेंद्र जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सली संगठन टीएसपीसी और अपराधी संगठनों के गठजोड़ की बात को पूरी तरह भ्रामक बताया गया है। विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि कुछ अपराधी इन दिनों नक्सली संगठन टीएसपीसी को बदनाम करना चाहते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संगठन को भी सूचना है कि कुछ लोग संगठन के नाम पर व्यवसायियों और संवेदको को धमका रहे हैं। संगठन के द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित भी किया गया है और ऐसे कार्य में लिप्त अपराधियों के खिलाफ संगठन कार्रवाई भी करेगी। विज्ञप्ति के माध्यम से कहा गया है कि संगठन इतना कमजोर नहीं हुआ है कि उन्हें अपराधियों का सहयोग लेना पड़े।

### चार लोगों को किया गया है चिह्नित

टीएसपीसी संगठन के द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि संगठन के द्वारा चार लोगों को चिन्हित किया गया है। जो संगठन को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। विज्ञप्ति में सभी चिन्हित लोगों के नाम भी दर्ज हैं। जिसमें पोचरा के शमशाद, जान्हों मतनाग के नंदू शर्मा, डोंकी के भीम पासवान और महुआडांड़ के मंजर खान का नाम शामिल है। विज्ञप्ति के माध्यम से संगठन के द्वारा कहा गया है कि इन लोगों के द्वारा संगठन को बदनाम किया जा रहा है। संगठन के नाम पर लेवी मांगी जा रही है और मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है .संगठन में नवीन और रविंद्र नाम का कोई नहीं: इधर, टीएसपीसी संगठन के द्वारा कहा गया है कि जिले के महुआडांड़ समेत अन्य इलाकों में रविंद्र और नवीन के नाम से टीएसपीसी के पर्चे पर लेवी की मांग की जा रही है। जबकि संगठन में नवीन और रविंद्र नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। वहीं, कमांडर विकेश जी के नाम से भी लेवी के लिए धमकी दी जा रही है, जबकि विकेश जी जेल में बंद है। टीएसपीसी के प्रवक्ता ने कहा कि संगठन खुद मजबूत है संगठन को बदनाम करने का जो प्रयास कर रहे हैं उनके खिलाफ संगठन कड़ी कार्रवाई करेगी।

एसपी कॉलेज में धूमधाम से मना संताली साहित्य दिवस, संताली कविता और कहानियां का संग्रहण स्मारिका का हुआ विमोचन

# युवाओं को संताली साहित्य को बढ़ावा देने और कार्य करने की है जरूरत : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता





44वें संताली साहित्य दिवस पर संताली कविता और कहानियां का संग्रहण स्मारिका विमोचन करते अतिथि एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**दुमका।** 44 वां संताली साहित्य दिवस मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस साल भी संताली साहित्य दिवस पर एसपी कॉलेज मैदान में आदिवासी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति की झलक छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर यादव समेत अन्य उपस्थित रहे। साहित्य समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि संताली साहित्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के दिशा में और कार्य करने की जरूरत है। छात्र-छात्राएं अपने साहित्य से जुड़ कर प्राकृतिक संपदा को संरक्षित कर सकते है। उन्होंने युवाओं को अपने संस्कृति, परंपरा और सभ्यता को लेकर अधिक से अधिक विभिन्न विषयों पर लिखने की जरूरत पर जोर दिया। जिससे देश और दुनिया के लोग अक्षुण्य संताली सभ्यता और संस्कृति को जान सके। विशिष्ट अतिथि एसकेएमयू मीडिया प्रभारी डॉ शंभू कुमार सिंह ने साहित्यकारों को उत्साहित करते हुए संताली सभ्यता और संस्कृति के विस्तार के लिए और लिखने की जरूरत बताया है। युवा साहित्य से जुड़ आदिवासी परंपरा और सभ्यता को आगे बढ़ाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर साहित्यकार चुंडा सोरेन सिपाही, गोड्डा से पहुंचे हेमलाल मरांडी, एसपी कॉलेज शिक्षक निर्मल मुर्मू, सनातन मुर्मू आदि कवियों एवं साहित्यकारों ने एक से बढ़क कर एक संताली साहित्य और कविता पाठ किया। समारोह का शुभारंभ एसपी कॉलेज संस्थापक सह प्रथम सांसद स्व लाल बाबा हेम्ब्रम के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण परांपरिक नृत्य संगीत से अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल ले जाया गया। जहां आदिवासी परांपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत लोटा-पानी और पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी शहीद सिदो कान्हू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संताल परगना के विभिन्न निजी एवं सरकारी स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने संताली साहित्य कविता, कहानी के संग्रहन स्मारिका का विमोचन किया। समारोह में मंच संचालन राजीव बास्की एवं एमानवेल हेम्ब्रम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। समारोह का सफल आयोजन में विमल कुमार टुडू, सुलीश , रविंद्र मरांडी, बादल किस्कू, विवेक , विजय , पुष्पा हेम्ब्रम, आरटीना , ममता आदि का सराहनीय प्रयास रहा।

## एक नजर में

### पाकिस्तान के लोग भी कर रहे हैं नरेंद्र मोदी की प्रशंसा : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि एक विशेष वर्ग की तुष्टीकरण की राजनीति अब नहीं चलेगी। हिंदुओं पर अत्याचार होगा तो गिरिराज बोलेगा ही। हमने सबका साथ सबका विकास की राजनीति की है। आज पाकिस्तान के लोग भी नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं। जबकि यहां मुट्ठी भर लोग इस्लामिक स्टेट की मांग कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा मंगलवार को बलिया नगर परिषद क्षेत्र के हनुमान महतो चौक के समीप आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर आदि जाति या धर्म को देखकर नहीं दिया जाता है। फिर लखमीनियां में शाहीन बाग क्यों। रामनवमी जुलूस या दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में रोड़ेबाजी क्यों होती है।

### शिक्षकों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश, फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**नवादा(हि . स .)।** परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के सैकड़ों शिक्षकों ने मंगलवार को आक्रोशपूर्ण जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर का एक साथ पुतला दहन किया। पुतला दहन के पश्चात भगत सिंह चौक पर शिक्षकों ने सभा आयोजित की । सभा को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष विनय प्रभाकर ने शिक्षकों की नई सेवा शर्त नियमावली का पुरजोर विरोध किया । उन्होंने नई नियमावली को पूर्व से नियोजित शिक्षकों के लिए साजिश बताते हुए कहा राज्य सरकार नियोजित शिक्षकों को गुलाम बनाना चाहती है । राज्य सरकार ने नियोजन इकाई खत्म करने का वादा किया था लेकिन सभी नियोजन इकाइयों को यथावत प्रभावी छोड़ दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### शादी की नीयत से नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के महारो के रहने वाले पीड़िता के परिजन के आवेदन पर दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले आरोपी को जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू एवं मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई रविशंकर सिंह के सूझबूझ से आठ अप्रैल को गुजरात के राजकोट जिला के आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर जामा थाना लाया गया। जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले अमन कुमार राउत है। मामले को लेकर थाना प्रभारी बताया कि पीड़िता के परिजन के आवेदन पर 13 मार्च को कांड संख्या 24/23 दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी पर पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी के नियत भगा ले जाने का आरोप लगाया। जांच के क्रम में गुजरात के राजकोट जिला अंतर्गत आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद राजकोट जिला न्यायालय में उपस्थापित करते हुए ट्रांजिट रिमांड पर जामा थाना लाया गया।

### शादीशुदा महिला से अवैध संबंध के आरोप में प्रेमी गया जेल

**दुमका।** शादी सुदा महिला से अवैध संबंध में प्रेमी लोगों के हत्थे चढ़ गया। महिला के पति समेत आस-पास के लोगों ने नगर थाना क्षेत्र के बंजरजोड़ी आवास पर मिलने पहुंचा प्रेमी को धर दबोच पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले में भादवी की धारा 383, 366 एवं 504 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपीको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के विश्वजीप पाल है। जानकारी के अनुसार आदिवासी शादीशुदा महिला से ईस्टर पर्व पर मिलने दुमका पहुंचा था प्रेमी। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को न्यायालय में बयान दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### शंकरपुर गांव में अचानक लगी आग दर्जन भर घर जले

**भागलपुर(हि .स.)।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में मंगलवार को अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग थोड़ी ही देर में पूरे गांव में फैल गई। जिससे गांव के दर्जन भर से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा सारा सामान भी पूरी तरीके से जल गया। इस दौरान अनाज, कागजात, नगद राशि, ट्रैक्टर सहित लोगों का सारा आशियाना जलकर थोड़ी ही देर में राख हो गया। आग लगने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास करते रहे। लेकिन आग इतनी विकराल हो गई थी की आग पर घंटो काबू नहीं हो पाया जा सका। मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

मिशन 2024 में सत्ता से भाजपा सरकार को बेदखल करने की कांग्रेस ने बनायी रणनीति

# राहुल गांधी ने सवाल पूछा तो क्या कोई गुनाह कर दिया : सुबोधकांत

खबर मन्त्र संवाददाता




मंच पर उपस्थित कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता।

**दुमका।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस हमलावर है। पूरे देश मे केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से कर रही है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने कार्ययकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने का काम किया। जिससे मिशन 2024 में कॉग्रेस देश की सत्ता पर काबिज हो सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव, सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई नेता शामिल हुए। सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत से महिला और पुरुष कार्ययकर्ता भाग लिया। इस भारत सत्याग्रह कार्ययकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राहुल गांधी ने सवाल पूछा तो क्या गुनाह किया। चोर को चोर कहा तो क्या गलत किया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने और बढ़ती महंगाई सवाल हमेशा पूछते रहने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खिलाफ यह पोल खोल आंदोलन जन-जन तक पहुंचाना है औ? देश की जनता को इंसाफ दिलाना है। चुकी देश की आजादी से पहले कांग्रेस ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ लड़ा था औ? अब मोदी और अडानी के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई जारी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि लम्बी यात्रा इसलिए कि जा रही है कि 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंका जाये। जिससे देश की जनता को देश के अंदर हो रही तानाशाह राजनीति से मुक्ति मिल सके और देश को बचाया जा सके।

इस अवसर पर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा पर वर्तमान राज्य की मुद्दे ओबीसी आरक्षण समाप्त करने का भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने गोड्डा में अडानी का पावर प्लांट के विरूद्ध किए आंदोलन और भाजपा सरकार की भूमिका पर भी सवाल खड़ा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, नगर अध्यक्षत अलीमाम उर्फ टिंकू, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## एसपी के पास पहुंचा सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो तो मचा हड़कंप

**गोपालगंज।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती को उसके ही गांव के तीन और पड़ोस के गांव के दो युवकों ने फोन कर बुलाने के बाद गांव में ही एक कमरे में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो प्रसारित होने के बाद मंगलवार को युवती के बयान पर पांच युवकों के खिलाफ प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती को स्कूल में ही एक लड़के से प्यार हो गया था। कुछ दिन बीतने के बाद युवती को उसके प्रेमी ने फोन कर बुलाने के बाद एक कमरे में ले जाकर अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वीडियो बनाने वाले युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना के करीब दो माह बाद उसे प्रसारित करने की धमकी देते हुए युवती को फिर से हवस का शिकार बनाने के लिए बुला रहे थे, लेकिन युवती ने इनकार कर दिया। इसके बाद युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म के वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो प्रसारित होने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर कुचायकोट थानाध्यक्ष किरण शंकर ने पीड़ित युवती से संपर्क कर उसे थाना पर बुलाने के बाद उसका बयान लेने के बाद पांच आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## नकल समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग बुर्जुग बंदोबस्त कार्यालय परिसर में अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना पर बैठे दिव्यांग।

**दुमका।** बंदोवस्त कार्यालय के कार्यशैली से नाराज दिव्यांग बुर्जुग ने कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। धरना प्रदर्शन कर दिव्यांग ने आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय का गुहार लगाया है। इंसाफ की गुहार गोड्डा जिले के महगामा अंचल के विभुति प्रसाद झा ने बंदोवस्त कार्यालय पदाधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। बताया कि सेवानिवृत हो चुके पूर्व बंदोवस्त पदाधिकारी सुनील कुमार और वर्तमान सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी शादा नुसरत एवं परिमाण निरीक्षक सफरूद्दीन अंसारी ने उसे बर्दाद करने का काम किया। बताया कि अवैध रूप से उनके पर्चे में अन्य लोगों को जोड़ दिया गया है। जबकि पर्चा में अंकित नाम के लोगों से दूर दूर तक कोई रिस्ता नहीं है। परिवार में कोई विवाद नहीं है, लेकिन पर्चे में विवाद दिखाया गया। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं होती है। न्याय की गुहार लगाये तो कहां लगाये। पर्चा 2020 से मांगने के बावजूद विभाग देने में असफल रहा है। आपत्तिवाद 1630/18 केस फाईल गायब है। जिस पर तीन बार सुनवाई हो चुकी है। विपक्षी के पास एक भी कागज नहीं है, उसके बावजूद भी उसके हक में फैसला दिया गया है। बिना पैसे का नकल नहीं मिला रहा है। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी ने न्यायालय में अपील करने के बावजूद निचली अदालत में वाद पुनः भेज दिया जाता है। दिव्यांग पीड़ित ने विवाद को लेकर कार्यालय में जाने-आने में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बंदोवस्त प्रशासन पर लाखों का लिफ्ट बंद होने पर भी सवाल खड़ा किया है।

## पशुपालकों के बीच हुआ सुकर का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत चक्रधपुर प्रखंड के छह लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई एवं उप प्रमुख विनय प्रधान ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम सिद्दीकी की उपस्थिति में लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया। जिन लाभुकों को सुकर मिला है उनमें लखन गागराई, रवि हेम्ब्रोम, राईमुनी दोंगो को 90 फीसद एवं भरत करवार, एडमिन जोंको व साधु चरण को 75 फीसद अनुदान पर चार नर एवं एक मादा सुकर दिया गया। पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम ने बताया कि स्वरोजगार के उद्देश्य से पशुपालकों के बीच सुकर वितरण किया गया है। सुकर पालन कर पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ा सकते है। इस मौके पर सुकर के पालन-पोषण एवं खानपान के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी। मालूम हो कि इससे पूर्व चक्रधरपुर प्रखंड में पशुपालकों के बीच विभाग की ओर से बत्तख चूजा का वितरण किया गया था।

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर हो रही है विफल, इसलिए देश की संपति को बेचा जा रहा है : दानिश इकबाल

**किशनगंज(हि.स.)।** शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के (राजद) युवा प्रदेश महासचिव दानिश इकबाल के नेतृत्व में नुक्कड सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां राजद नेताओं द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराया गया। दानिश इकबाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है इसलिए देश की सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुये तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पडेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास कर रहा है और बिहार का विकास आने वाले समय में पूरे देश के लिए मॉडल होगा। उन्होंने कहा की देश में गुजरात माडल की नहीं बल्कि बिहार माडल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीएम नितीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के काम से पुरे देश में बिहार का नाम गौरवान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है।

# सिंहभूम का प्रसिद्ध केरा मेला शुरू, बीडीओ ने सफल संचालन के दिये निर्देश

## बीडीओ ने समिति के साथ की बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** सिंहभूम के शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध मां भगवती केरा मंदिर का चैत्र मेला शुभघट के साथ आरंभ हो गया। मंगलवार को मंदिर प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने प्रखंड सभागार में मंदिर प्रबंधन समिति व केरा मेला संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने सदस्यों को बेहतर ढंग से मेला संचालन करने एवं पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा। बीडीओ ने कहा मंदिर है तो मेला है। इसलिए मंदिर का विकास, आसपास की साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। मंदिर के विकास के लिए आंतरिक संसाधन बढ़ाने को कहा। कहा कि सिर्फ मेला के समय नही बल्कि पूरे साल समिति सक्रिय रहे। बीडीओ ने मेला संचालन समिति से आय-व्यय की जानकारी ली। मेला संचालन एवं मंदिर प्रबंधन समिति में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करने का सुझाव दिया। बैठक में बीडीओ के अलावा बीपीआरओ मनोज कुमार सिन्हा, अभिजीत भट्टाचार्य, कामाख्या प्रसाद साहू, ऋषिकेश सिंहदेव, जय कुमार सिंहदेव, एनके सिंहदेव, प्रवीर सिंहदेव, श्रीवंत षाड़ंगी, दीपक सिंहदेव आदि उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष

### वित्तीय गड़बड़ी...

ओएसडी ने विभावि के रजिस्ट्रार मामले में भी पूछताछ की। जानना चाहा कि डॉ बीके गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी उन्हें पद पर कैसे बनाए रखा गया। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वह माह भर क्यों और कैसे रजिस्ट्रार के पद पर बने रहे। उनके इस दौरान किए गए कार्यों और लिए गए फैसलों के बारे में पूछताछ की गयी। साथ ही पूरा ब्योरा राजभवन भेजने को कहा गया। वहीं कहा गया कि पहले जो विभावि से तीन लोगों के नाम रजिस्ट्रार के लिए भेजे गए, उनमें सभी 60 वर्ष से अधिक के लोग हैं। ऐसे नामों का प्रस्ताव मांगा गया, जो व्यक्ति 60 वर्ष से कम उम्र के हों।

### खौफ में अतीक...

**अतीक को जान का खतरा :** अतीक अहमद ने पिछले महीने सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अपनी याचिका में उसने दावा किया था कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में बतौर आरोपी, झूठा फंसाया गया है और उत्तर प्रदेश पुलिस उसे फर्जी मुठभेड़ में मार सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस 26 मार्च को भी अतीक अहमद को अदालत में पेश करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला ले गयी थी। 28 मार्च को वहां की अदालत ने 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और दो अन्य को उम्र कैद की सजा सुनायी थी। 60 वर्षीय पूर्व विधायक और लोकसभा के पूर्व सदस्य अतीक को प्रयागराज से लगभग 24 घंटे की सड़क यात्रा के बाद 29 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस की वैन में गुजरात की उच्च सुरक्षा वाली जेल में वापस लाया गया था। 2006 में, अतीक अहमद और उसके सहयोगियों ने उमेश पाल का अपहरण कर लिया था और उन्हें अपने पक्ष में अदालत में बयान देने के लिए मजबूर किया था। उमेश पाल ने इस संबंध में एक शिकायत दर्ज करायी थी।

### तय होगा वन उपज...

**जनता के दरवाजे तक पहुंच रही योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव -गांव पहुंच रही है। पहले वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थी और वहीं खत्म भी हो जाती थी। हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदल दिया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायों को सुनेंगे और समाधान करेंगे। वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलइडी वैन इस्तेमाल भी होगा। सीएम ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। **बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयास जारी :** सीएम ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोतरी की ही गयी है । इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी सरकार ने शुरू की है । वहीं, निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल विकसित किये गये हैं। कार्यक्रम में सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका टुडू, निबंधकए सहयोग संमितियां मृत्युंजय वर्णवाल और जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। **लोगों की समस्याएं हर हाल सुलाझायें :** सीएम- साहिबगंज। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता को कोई कष्ट न हो, उसकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो। लोगों के दुःख-दर्द को सुनना और उसे दूर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों से यह कहा। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं के उचित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री द्वारा इस दिशा में किये जा रहे हैं सकारात्मक पहल की लोगों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर सांसद विजय हांसदा भी मौजूद रहे।

### गर्मी में लोगों को...

खुशबू कटारुका के द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के द्वारा हड़प ली गयी है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।

### पाक कंगाल...

दिलचस्प है कि जिस समय पाकिस्तान, रूस से आटा ले रहा था उसी समय उसके दुश्मन के हथियार सप्लाई कर रहा था। जो मुनाफा पाकिस्तान की सेना को हुआ है वह भी चौंकाने वाला है। शायद यही वजह है कि देश के आर्थिक संकट के बावजूद पाकिस्तानी सेना हथियार हासिल करने में लगी हुई है। पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री एक सरकारी कॉरपोरेशन है जो वाह कैंट, पंजाब, पाकिस्तान में स्थित है। यह फैक्ट्री सबसे अहम डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर है। इसके अलावा यह पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन मंत्रालय के तहत ऑपरेट होने वाली सबसे बड़ी डिफेंस फैक्ट्री है। बिल के अनुसार, लोडिंग और अनलोडिंग, पैकिंग, मजदूरी और और पोर्ट क्लीयरेंस से जुड़े कामों के लिए 43 मिलियन पाकिस्तानी रुपए खर्च होने का अंदाजा लगाया गया है। कराची पोर्ट ट्रस्ट के ट्रैफिक मैनेजर को संबोधित एक अन्य पत्र में शिपमेंट के लिए बंदरगाह में माल प्रवेश करने की अनुमति के लिए अनुरोध 18 जनवरी, 2023 को किया गया था।

